CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 320 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आज से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना, ब्याज माफी में मिलेगी छूट पेज 2



आफरीदी को पीछे छोड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा खेल टाइम्स



सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी सम्पादकीय



नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील, भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रवात दितवा: कोलंबो से 177 तमिल सुरक्षित वापस लाए गए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को चक्रवात 'दितवा' से प्रभावित पड़ोसी देश श्रीलंका को हर संभव सहायता देने का वादा किया। इसके कारण उड़ानें रद्द होने के कारण कोलंबो हवाई अड्डे पर फंसे 177 तमिलों को पहले चरण में सुरक्षित रूप से राज्य वापस लाया जा चुका है। यहां जारी एक बयान में श्री स्टालिन ने कहा कि इन 177 तमिलों में 133 पुरुष, 60 महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। अनिवासी तमिल कल्याण और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, कोलंबो में भारतीय दूतावास से संपर्क स्थापित किया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी रविवार सुबह 11:05 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इस बीच मुख्यमंत्री ने पड़ोसी श्रीलंका में चक्रवात के कारण हुई व्यापक तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु सरकार की ओर से हर संभव मदद का वादा किया।

### ट्रक की टक्कर से टेम्पो सवार छह लोगों की मौत

**मुरादाबाद -ब्यूरो।** उप्र के मुरादाबाद जिले के कटघर क्षेत्र में ट्रक की रोडवेज बस की चपेट में आने से टेम्पो चालक समेत एक परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कटघर थाना क्षेत्र स्थित ज़ीरो प्वाइंट पर अनियंत्रित रोडवेज बस ने सवारियों से भरे टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए तथा सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में टेम्पो चालक माटी उर्फ़ संजू पुत्र मुन्ना सिंह (30), सुमन (30), सीमा (35), आरती (20), अमन (15) तथा अनन्या (12) समेत एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई जबकि करनसिंह, रानी, झलक, अंशू तथा अनुष्का समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाजुक होने से सभी को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। हादसे की चपेट में आए चालक समेत उक्त सभी लोग कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर निवासी बताए गए हैं।

### दो बसों की आमने-सामने से टक्कर, 11 की मौत

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर के पास दो बसों के रविवार दोपहर आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। 20 से ज्यादा घायल हैं। शिवगंगा एसपी शिवा प्रसाद के मुताबिक घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के जो फोटो-वीडियो सामने आए हैं, उनमें नजर आ रहा है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसें ड्राइवर साइड टकराईं। टक्कर के कारण बसों का मलबा सड़क पर फैल गया। लोगों की लाशें सीटों में फंसी हुई थीं। लोगों ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की। वहीं, स्थानीय लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला।

# सर्वदलीय बैठक में गूंजा एसआईआर का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाए और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है। उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए। इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है। इतना छोटा सत्र बुलाकर सरकार खुद ही सन्देश दे रही है कि वह संसद चलने को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। डीएमके के तिरुचि शिवा ने कहा कि एसआईआर और देश की सुरक्षा इस समय महत्वपूर्ण मुद्दा है। मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और सरकार हर काम में मनमानी कर रही है। संसद का अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें बड़ी बात यह है कि 15 दिन का सत्र है और इसमें 14 विधेयक पारित होने हैं। तमिलनाडु की सरकार अनदेखी कर रही है।



**विपक्ष ने कहा: SIR, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर संसद में चर्चा हो**

### सर्वदलीय बैठक महज औपचारिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता करार दिया और कहा कि सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता है। यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा। मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं।

### अत्यंत उपयोगी रही सर्वदलीय बैठक : रिजिजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि बुलाई गई सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही।

### संसद में सरकार को घेरने की रणनीति पर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी की संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई जिसमें एसआईआर, दिल्ली विस्फोट, दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर पूरे विपक्ष के साथ लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार किया गया। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पी. चिदंबरम, गौरव गोगोई, के सुरेश, मनीष तिवारी, मणिकम टैगोर, प्रमोद तिवारी सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

# SIR की डेडलाइन सात दिन बढ़ी

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसम्बर तक चलेगा, फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को होगी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसम्बर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ाई गई है।

आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसम्बर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवम्बर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसम्बर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसम्बर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसम्बर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा। 10 फरवरी को सभी पैमानों पर मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को परखा -शेष पृष्ठ दो पर



### मुरादाबाद में बीएलओ ने फांसी लगाई

**मुरादाबाद-ब्यूरो।** एसआईआर ड्यूटी में लगे (शिक्षक) बीएलओ ने सुसाइड नोट लिख कर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्राह्मन निवासी सर्वेश कुमार (40) मुरादाबाद जिले के गांव जाहिदपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। एसआईआर के काम के लिए उन्हें बूथ नंबर 406 का बीएलओ बनाया गया था। परिजनों द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया गया है कि शनिवार की रात वह अपने कमरे में जाकर सो गए। रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे शिक्षक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर मौका मुआयना करने के दौरान वहां एक सुसाइड नोट मिला। मृतक के भाई प्रमोद की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**15 जनवरी तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता, मतदाता सूची की जांच 10 फरवरी को होगी**

### बीएसओ को मिलेगी डबल सैलरी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपये सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएसओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपये कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएसओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएसओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएसओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है कि प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं।

# नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया गांधी व राहुल पर नई FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। तीन अक्टूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया। एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) का इस्तेमाल किया, जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यही अपराध बाद में ईडी के धन शोधन मामले का आधार बन सकता है। एफआईआर में गांधी परिवार के अलावा सैम पित्रोदा, तीन कंपनियां-एजेएल, यंग इंडियन और कोलकाता की डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल हैं।



**पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की, एजीएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप**

### सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ नई प्राथमिकी पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज नई प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने कहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न और बदले की राजनीति जारी रखे हुए है तथा नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह फर्जी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और बदले की अपनी शरारती राजनीति जारी रखे हुए हैं।

# चांद से नमूने लाएगा इसरो का चंद्रयान-4: डा. नारायणन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2028 तक भारी लैंडर और रोवर के साथ चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो प्रयोग के लिए चांद से नमूने लेकर धरती पर वापस आएगा।

इसरो चेयरमैन डा. वी. नारायणन ने शनिवार शाम यहां एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में कहा कि इस मिशन में उनके खास पेलोड, लैंडर और रोवर का वज़न अधिक होगा। ये चांद की सतह से नमूने लेंगे। यह क्षमता अभी सिर्फ़ अमेरिका, रूस और चीन ने दिखाई है। डा. नारायणन ने बताया कि जहां चंद्रयान-3 के लैंडर का वज़न सिर्फ 1600 किलो था, वहीं चंद्रयान-4 के लैंडर का वज़न 6,800 किलोग्राम होगा।

**इसरो चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की बना रहा योजना**



रांची: विराट कोहली के शतक लगाने के बाद उनका फेन मैदान पर पहुंच गया।

# ए320 परिवार के विमानों पर अनिवार्य सॉफ्वेयर अपडेट




**नई दिल्ली।** ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम सभी एयरलाइंस ने पूरा कर लिया है।

जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है। यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है। इसके बाद पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किए थे। भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं। इनमें जिन 338 विमानों पर अपडेट की जरूरत थी। उनमें 200 विमान इंडिगो के पास, 113 एयर इंडिया के पास और 25 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। डीजीसीए के अपडेट में बताया गया है कि इंडिगो ने सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने 100 विमानों पर अपडेट पूरा कर लिया है, जबकि उसके चार विमान बेस मेंटेनेंस के लिए गए हुए हैं और नौ अन्य पर यह अपडेट लागू नहीं होता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 में से 23 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है, जबकि दो अन्य मरम्मत के लिए गए हुए हैं।

**सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया गया: डीजीसीए**

# नवम्बर भारतीय खेलों के लिए रहा शानदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा।

शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवम्बर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ द्य इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ। पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फार लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और आस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फार लोकल अपनाने की अपील की। पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में प्छै माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुड्डुचेरी- मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए।



**मन की बात में पीएम ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी**

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा केंद्रों की सूची संशोधन चार दिसम्बर तक: भगवती सिंह

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह सूची एक नवम्बर 2025 तक जिलों से प्राप्त तहसील स्तर की समितियों द्वारा प्रमाणित/अपडेट की गई विद्यालयों की सूचनाओं के आधार पर तैयार की गई है। रविवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी विद्यालय, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्र या अभिभावक को प्रस्तावित परीक्षा केंद्र को लेकर कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वे इसे उचित कारण एवं प्रमाण सहित चार दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे और आवश्यकतानुसार उन्हें केंद्रीकृत केंद्र निर्धारण समिति को भेजेंगे।

### यूपीएफसी की ईपीएफओ परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ईपीएफओ भर्ती परीक्षा 30 नवम्बर को प्रयागराज के 58 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई। एनफोर्समेंट ऑफिसर (ईओ), एकाउंट ऑफिसर्स (एओ) और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (एपीएफसी) पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। प्रयागराज में कुल 22831 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 58 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।

### उप्र में आज से शुरू होगी 'बिजली बिल राहत योजना

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी ब्याज माफी व छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहली बार 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1 दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' लागू होने जा रही है। यह योजना घरेलू (अधिकतम 2 किलोवाट) और वाणिज्यिक (अधिकतम 1 किलोवाट) उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

योजना में पहली बार उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा होगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में भी मुकदमों और एफआईआर के निस्तारण का मार्ग खुल जाएगा। उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण और भुगतान करेंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा औसत खपत के अनुसार स्वत: कम करने की सुविधा भी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उपभोक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी मामलों के समाधान के लिए अत्यंत लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज पूरी तरह माफ है और मूलधन में भी बड़ा लाभ मिल रहा है। इसलिए हर उपभोक्ता को योजना के लिए प्रेरित किया जाए। डा. गोयल ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात और मुनादी के माध्यम से बताया जाए। हर पात्र उपभोक्ता तक नोटिस, योजना-पम्पलेट और बकाया विवरण के तीन दस्तावेज पहुंचाए जाएं। माइक्रो प्लान बनाकर कर्मचारी एवं फिनटेक एजेंसियों को घर-घर संपर्क हेतु लगाया जाए। वही जिन क्षेत्रों या गांवों में बकाएदारों की संख्या अधिक है, वहां विशेष कैंप लगाया जाए और पूरे गांव को कवर किया जाए। बिजली चोरी मामलों में लोगों को बताया जाए कि यह योजना मुकदमे व एफआईआर समाप्त करने में मददगार है। योजना में शामिल होने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या सम्बंधित खंड/उपखंड कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण 2000 रुपये जमा करना होगा।योजना के अंतर्गत बिजली विवादों और विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का भी पंजीकरण कराकर समाधान कराया जा सकेगा। साथ ही कार्मिकों और कलेक्शन एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है।

### सरकार ने 154 शिक्षकों को दिया पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के 154 शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने पर सहमति प्रदान की है। इन कार्मिकों में प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने यह निर्णय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से ओपीएस में सम्मिलित किए जाने संबंधी प्रस्तावों के गहन परीक्षण के बाद लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों के हितों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। शिक्षक समाज की बौद्धिक नींव हैं, और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया जा रहा है। इस संबंध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी आदेश में निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निर्देश दिया गया है कि आदेश निर्गत करने से पहले सभी 154 प्रकरणों के अभिलेखों की सत्यता और प्रमाणिकता का पुनर्परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।

# एसआईआर लोगों के लिए बनी मुसीबत का सबब: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: उप्र जैसे बड़े राज्य में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है।

बीएलओ पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने चार दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक एसआईआर का समय बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यवहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है। वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली सस्था बन गई है। बिहार में एसआईआर के दौर में लाखों लोग मताधिकार से वंचित रह गए। शक यही होता है कि कहीं उत्तर प्रदेश में भी होने वलो चुनावों के मद्देनजर विपक्षियों के वोट काटने की साजिश तो नहीं हो रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ यह खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। एसआईआर में कम समय में ज्यादा काम का बोझ और ऊपर से नौकरी की धमकियों से बीएलओ की एक बड़ी जमात बहुत परेशान, हताश है और कुछ तो अवसाद में आत्महत्या तक कर चुके है। अभी तक उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा बीएलओ की मौत हो चुकी है।

# धर्मांतरण, लव जिहाद और नशा कर रहा समाज को कमजोर, सजग रहने की जरूरत: योगी

लखनऊ/झज्जर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की कोशिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जिहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ।

इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की विजई ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

### घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान:सीएम



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

### कफ सिरप तस्करी का मास्टरमाइंड जायसवाल गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने कोलकाता से कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया, जब वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड के लिए स्थानीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके क्रम में अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया कि 18 अक्टूबर को सोनभद्र में चेकिंग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 कफ सीरप की शीशियां बरामद की गई थीं। इसके अतिरिक्त, आरोपी बृज मोहन व शिवहरि की सूचना के आधार पर सोनभद्र पुलिस ने गाजयिाबाद में संयुक्त कार्यवाही कर चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप तथा 20 लाख रुपये फंडिग की नकदी बरामद की थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची झारखंड के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था।

### लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली भाजपा सरकार

**लखनऊ।** लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में बड़े पैमाने पर इवेंट आयोजित करने और उसके लिए पार्किंग जैसी व्यवस्था करने की चर्चाओं के बीच राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच ससपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ की जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'पैसे के लालच में' लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली हुई है। यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र पार्क केवल एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि लखनऊ की स्वच्छ हवा, हरियाली और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी इवेंटबाजी के लिए पार्कों को विशाल मंच और पार्किंग स्थल में बदलना चाहती है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति या दल द्वारा विरोध करने पर सरकार उसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश करेगी, इसलिए यह आंदोलन नागरिकों द्वारा मिलकर चलाया जाना चाहिए।

सेंसेक्स 85720.38
निफ्टी 26215.55

सोना रु. 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा घरेलू कारकों का असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू कारकों का असर हावी रहेगा। सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हो सकती है और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86 हजार अंक के पार बंद हो सकता है।

पिछले सप्ताह बीच कारोबार में इसने 86 हजार अंक का आंकड़ा छुआ था, लेकिन वहां टिक नहीं सका था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए जिसमें वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ा था। इसका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह अक्टूबर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवम्बर के पीएमआई और नवम्बर के वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने वाले हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक भी 03.05 दिसम्बर तक होने वाली है। इन सभी कारकों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है। बीते सप्ताह



30 शेयरों वाला संवेदी सेंसेक्स 474.75 अंक (0.56 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान पहली बार यह 86 हजार अंक के पार पहुंचने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 26,300 अंक के पार गया था। शुक्रवार को यह 26,202.95 अंक पर बंद हुआ, जो 134.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दिखाता है। सप्ताह के दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा, वहीं छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे, जबकि अन्य 30 लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 3.83 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.25 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.89, अडानी पोर्ट्स का 2.51, बजाज फिनसर्व का 1.96 और कोटक महिंद्रा बैंक का 1.80 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 1.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35, हिदुस्तान यूनीलिवर का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.21 और एलएंडटी का 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही। भारती एयरटेल में 2.86 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही।

### रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसम्बर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गवर्नर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा। इन दोनों ही मोर्चों पर आंकड़े काफी अच्छे आए हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी में भी तेजी रही, जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़ी और सप्ताहांत पर यह 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। गेहूं 10 रुपये टूटकर 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 3,302.14 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल 59 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 46 रुपये और सोया तेल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। वनस्पति नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 22 रुपये और सूरजमुखी तेल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मूंग दाल की कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गईं। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल।

# प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां चरम पर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला 2026 की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी विभागों ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला क्षेत्र में प्रतिदिन डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल दस्ते संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियां लगातार पीपा पुल, महत्वपूर्ण मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं। जैसे-जैसे माघ मेले की तिथि नजदीक आ रही है, प्रशासन सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रही हैं। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**SIR** की... जाएगा। इसके बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची के प्रकाशन की अनुमति दी जाएगी। 12 राज्यों में जारी एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता के रेड-लाइट इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान समस्याओं का भी संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग 2 और 3 दिसम्बर को विशेष शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है। निर्णय तीन संगठनों- सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अमरा पदातिक की तरफ से उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया है। संगठनों ने बताया कि यौन कर्मियों को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। एसआईआर से जुड़ी चिंताओं के बीच राज्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि सोनागाछी सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष सुनवाई का इंतजाम किया जाएगा। पात्र मतदाताओं की हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि वे खुद भी एक शिविर में शामिल हो सकते हैं। सीईओ मनोज अग्रवाल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रेड लाइट इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करें। निर्वाचन आयोग की तरफ से हर दिन शाम में बुलेटिन जारी कर एसआईआर के आंकड़े साझा किए जाते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन बढ़ाने से पहले जो अंतिम आंकड़े जारी किए गए, उसके मुताबिक 29 नवम्बर की शाम तीन बजे तक 12 राज्यों में 99.53 फीसदी इन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इनमें से 78.97 फीसदी फार्म्स को डिजिटाइज किया जा चुका है। इन आंकड़ों में राजस्थान की अंता विधानसभा सीट के आंकड़े शामिल नहीं हैं। इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण एसआईआर टाल दिया गया था। यहां मतदाताओं की गिनती का फेज 8 दिसम्बर से शुरू होगा। 50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

# कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठा आरोप लगा रही: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फंसाने का झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। यह दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष किया।



प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर कांग्रेस पार्टी के झूठे और बेबुनियाद बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सीधा लूट और भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले का है। ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें नेशनल हेराल्ड के पूरे इतिहास को देखा गया।

प्रसाद ने कहा कि जब शिकायत की गई, तब ये लोग (कांग्रेस) मामले को समाप्त कराने के लिए गए थे, लेकिन उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय नहीं माना और ट्रायल फेस करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इसी मामले आय कर विभाग ने भी इनके आवेदन को खारिज कर दिया था। प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि इसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुड़ा है।

इसी वजह से दिल्ली पुलिस से पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा गया। श्री प्रसाद ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि आप (कांग्रेस) लूट करेंगे, फर्जीवाड़ा करेंगे और कहेंगे कि हमें फंसाया जा रहा है। ये सीधा लूट का मामला है। प्रसाद ने कहा कि यह सभी को पता है कि 90 करोड़ की संपत्ति को कैसे 50 लाख रुपये में नई कंपनी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार और कानून अपना काम कर रही है तब कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# दहेज की खातिर विवाहिता की गला दबाकर हत्या

## पति, सास, ससुर व जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव कसौली में दहेज लोभी ससुरालजनो ने 21 लाख रूपये के अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट करते हुए गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के परिजनों ने हत्यारो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस ने हत्यारोपी पति, सास, ससुर,जेठ व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र गांव कसौली मे विवाहिता की मौत से हड़कंप मच गया। मृतका के परिजनों ने गांव पहुंचकर हत्या पर भारी रोष प्रकट किया। वहीं मामले मे जानसठ थाना क्षेत्र के गांव पिमोड़ा निवासी अनस ने भोपा थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बहन हिना की शादी अपनी बुआ के लड़के खुशनसीब पुत्र इंतजार निवासी कसौली से बीते 2023 मे 21 मई को की थी। शादी में उन्होंने घरेलू सामान के अलावा आठ लाख रुपए नगद दिए थे लेकिन बहन का पति,सास,ससुर,जेठ व देवर दहेज में 21 लाख रुपए के अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर हिना को तंग व परेशान करते रहते थे। कई बार हिना के साथ मारपीट भी की गयी। आरोप है की दहेज की मांग पूरी न होने पर शनिवार की रात हिना के साथ गंभीर रूप से मारपीट कर उसका गला दबाकर हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद हिना के देवर ने भाई के ससुरालजनो अथवा अपने मामा को भाभी हिना की हत्या कर देने की सूचना दी।जिस पर मृतका के परिजन सुबह करीब तीन बजे कसौली पहुंचे जहां हीना का शव कमरे के बाहर जमीन पर पड़ा हुआ था।तथा उसके शरीर चेहरे व गले पर चोट के निशान थे इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि मृतका की भाई अनस की तहरीर के आधार पर पति खुशनसीब सास फरजाना ससुर इंतजार जेठ उन्नाव व देवर वारिस के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित की गयी है जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मृतका के नहीं कोई संतान

मृतका की शादी को लगभग ढाई वर्ष हो चुके हैं। किन्तु उसके कोई संतान नहीं है। हिना पिता की दूसरी संतान थी। हिना की मौत से पिता मौ. अनज़र माता मुस्लिमीना, भाई अनस, अबुज़र, अयान व बहन रुबीना, आसरा का रोरोकर बुरा हाल है।

# गुरु तेग बहादुर शहीदी शताब्दी पर निकाली रैली

## गुरु सिंह सभा ने महारैली निकालकर किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में रविवार का दिन आध्यात्मिक उत्साह, भक्ति और सामुदायिक एकता के रंगों से सराबोर रहा। गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित जागृति यात्रा के रूप में निकाली गई भव्य वाहन रैली ने पूरे शहर का माहौल श्रद्धामय कर दिया। जगह-जगह साध संगत द्वारा स्वागत किया गया और सवा लाख से एक लड़ाऊँ का संदेश हर मोड़ पर गूंजता रहा।

श्री गुरु सिंह सभा द्वारा सिक्ख धर्म के नौवें गुरु, हिंद की चादर से विख्यात श्री गुरु तेग बहादुर सिंह की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित जागृति यात्रा के रूप में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रोडवेज बस स्टैंड के समीप स्थित गुरुद्वारे से अरदास के साथ हुआ। संगत के जयघोष और वाहे गुरु के स्वर से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

यह वाहन रैली तय मार्गों कोर्ट रोड, झांसी की रानी पार्क, शिव चौक, रूड़की रोड, नावल्टी चौक, अंसारी रोड, मालवीय चौक, भोपा रोड ओवरब्रिज, गौशाला रोड, वकील रोड तथा लिंक रोड होते हुए गांधी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब पर पहुंची। यहां साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सतपाल सिंह मान ने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर जी ने 350 वर्ष पूर्व अपने प्राणों की आहुति दी थी।

उन्होंने बताया कि गुरु जी के साथ उनके तीन विशिष्ट सेवादार भाई मतिदास, भाई सतिदास और भाई दयाला जी को भी अत्याचारियों द्वारा शहीद कर दिया गया था। यह यात्रा उनके बलिदान और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। सभा द्वारा रैली में ड्रेस कोड भी लागू किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने सफेद वस्त्रों के साथ बसंती रंग की पगड़ी और चुनरी धारण की।

रैली ने साफ-सुथरी और अनुशासित यात्रा का उदाहरण प्रस्तुत किया। यात्रा में गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गुरुबाणी की मधुर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

रैली में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे, जिन्होंने गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान और सार्वभौमिक संदेश, सबका भला को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

गुरुद्वारे पर लंगर के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, लेकिन गुरु साहिब के बलिदान का संदेश सभी के हृदयों में एक नई जागृति छोड़ गया।



मुजफ्फरनगर: गुरु तेग बहादुर शहीदी शताब्दी पर नगर में निकालीगई बाइक रैली।



मुजफ्फरनगर: बाइक रैली में उमड़ा सिख समाज।

# चरथावल ब्लॉक के स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**टीकाकरण, ओपीडी की व्यवस्था परखी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया के द्वारा चरथावल ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिरालसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलवाखेड़ी तथा बघरा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुटबी कुटबा व काज़ीखेड़ा का पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेंलो का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील तेवतिया ने मेले में उपस्थित चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ताओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण, ओपीडी, दवा वितरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश दिए कि आने वाले आरोग्य मेलों में और अधिक लाभार्थियों को जोड़ने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिकतम लोग नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता, पेयजल, औषधि उपलब्धता एवं रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

डॉ. सुनील तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना है।

उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं दवा उपलब्ध कराई जाए ताकि सरकार की मंशा परवान चढ़ सके।

# श्री राम के राज्याभिषेक के प्रसंग के साथ नौ दिवसीय रामकथा का समापन

## रामलीला मैदान में चल रही विजय कौशल महाराज की कथा का भण्डारे के साथ समापन

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के रामलीला मैदान में चल रही सन्त प्रवर विजय कौशल महाराज की श्री राम कथा का भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के प्रसंग के वर्णन के साथ समापन हो गया।।समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कंसल परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय राम कथा के अन्तिम दिन रविवार को कथा का आयोजन प्रात: दस बजे से हुआ। कथा में संत प्रवर विजय कोशल जी महाराज ने भगवान राम और रावण के बीच युद्ध के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सती सुलोचना का पतिव्रत धर्म और देवी उर्मिला का पतिव्रत धर्म समान रूप से था लेकिन लक्ष्मण जी के हाथों मेघनाथ की हार और उसका वध इसलिए हुआ क्योंकि मेघनाद अधर्म के साथ था और लक्ष्मण जी धर्म के साथ युद्ध कर रहे थे। कथा व्यास विजय महाराज ने कथा के आयोजन में प्रतिदिन कथा श्रवण करने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए उन्हें अयोध्या का नागरिक बनाते हुए राम के राज्याभिषेक के प्रसंग के वर्णन में शामिल किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम के राज्यभिषेक की जोशोभा थी।वह न तो कोई अपने मुख से नहीं कह सकता उसका तो केवल आनंद ही लिया जा सकता है और भगवान शिव ने राज्याभिषेक का आनंद लिया। वनवास से लौटने के बाद भगवान राम के भरत से मिला का प्रसंग काफी मार्मिक रहा और श्रद्धालुओं की आँखों से आँसू आ गए। कथा के समापन पर कंसल परिवार के कृष्ण कंसल अनिल कंसल भीमसेन कंसल पुनीत कंसल गौरव कंसल नवीन कंसल और पराग कंसल समेत परिवार की सभी महिलाओं ने व्यास पीठ पर विजय कौशलजी महाराज का नमन किया। कंसल परिवार की ओर से गोपिका कंसल ने प्रतिदिन कथा श्रवण करने वाले सभी श्रद्धालुओं, कथा आयोजन में लगे सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमी समाजसेवी सतीश गोयल, संजय मित्तल, सुरेन्द्र अग्रवाल, मनोज पुंडीर, संजय शर्मा, रोहित चौधरी वसुंधरा, ओम देव सिंह, विकास राठी, डॉक्टर अविनाश रमानी, डॉ एमएल गर्ग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शिशुक. ंत गर्ग ने किया।?



कथा के विश्राम लेने पर कथाव्यास विजय कौशल जी का आभार जताते भीम कंसल।

# बुजुर्ग पेंशनर्स को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** पचैंडा रोड स्थित भारतीय पेंशनर्स मंच के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पेंशनर्स को श्रीमदभागवत और शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 65 से 80 साल की उम्र पूरी कर चुके पेंशनर्स का जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आठ प्रभारी बनाए गए।

पेंशनर्स मंच के राष्ट्रीय महासचिव हरिमोहन शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पेंशनर्स की समस्याओं पर मंथन किया गया। सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर के सुपुत्र मुकेश कुमार जो दिल्ली जेल बोर्ड के अंतर्गत सीनियर अकाउंट ऑफिसर है उनके द्वारा भागवत कथा सार लिखा गया है।

चेतन स्वरूप जी शास्त्री द्वारा इसका विमोचन किया गया है। इसके बाद हमारे सभी साथियों को श्रीमद् भागवत पढ़ने के लिए वितरित की गई है। बुजुर्गों का जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए आठ सदस्य प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

कहा गया कि 2004 के बाद में सेवानिवृत हुए हैं उन्हें पेंशन से अलग कर दिया गया। पहले एनपीएस मिलती थी अब सरकार ने यूपीएस जारी की है। यूपीएस भी पर्याप्त नहीं है, उन्हें ओल्ड पेंशन स्कीम चाहिए। इसके लिए दिल्ली के जंतर मंतर या रामलीला मैदान मे बडा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और अधिकारो के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। बताया गया कि संचार निगम और इनकम टैक्स के द्वारा जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है और शीघ्र ही मुजफ्फरनगर में डिस्पेंसरी वैलनेस सेंटर खुलने जा रहा है।

# पुरकाजी में एक्सिस बैंक शाखा का शुभारंभ, चेयरमैन ने काटा फीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** कस्बे मे एक्सिस बैंक शाखा की शनिवार से सेवा शुरू हो गयी है जिसका उद्घाटन नगर चेयरमैन जहीर फारुकी द्वारा फीता काटकर किया गया है।

पुरकाजी लक्सर मार्ग पर शनिवार से एक्सिस बैंक की पुरक. ाजी शाखा शुरू हो गयी है जिसका फीता काटकर नगर चौयरमैन जहीर फारूकी द्वारा उद्घाटन किया गया है तथा उपस्थित गणमान्य लोगो द्वारा दीप प्रज्जलित किया गया।

इस मौके पर देहरादून से आए एक्सिस बैंक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजित सिंगला ने कहा कि हमारा बैंक आमजन को हर संभव सुविधाएं और लोन उपलब्ध कराएगा 20 रुपए प्रति साल में 2 लाख रुपए तक का इंश्योरेंस देगा बैंक शाखा द्वारा क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने का प्रयास करेगी।

नगर चेयरमैन जहीर फारूकी ने कहा है कि बैंक सेवा के साथ साथ बैंक कर्मचारियो का कुशल व्यवहार बहुत अहम होता है। फिलहाल देखने से तो प्रतीत हो रहा है कि शाखा पर तैनात सभी बैंक कर्मी का उपभोक्ताओ के साथ कुशल व्यवहार करेंगे क्योंकि एचडीएफसी बैंक अच्छे व्यवहार और सुविधाओं के साथ सेवा दे रहा है ऐसे में पे बैंक के लिए खुद को मार्किट में स्थापित करने के लिए उनसे अच्छा व्यवहार और उनसे बढ़कर सुविधाएं जनता को देनी होगी

इस अवसर पर सर्किल हैड रजित सिंगला, (देहरादून) और कलस्टर हैड मुकेश साहनी (मुजफ्फरनगर), तथा शाखा प्रबधक विनय कुमार सिंह, उप प्रबंधक अंशुल कर्णवाल, अपूर्वा त्यागी, शुभम चौधरी, मोहम्मद नदीम के अलावा, नगर चैयरमैन जहीर फारूकी आदिल फरीदी, हाफिज मोहसीन, सुशील कर्णवाल, रोबिन गोयल, आनन्द धीमान, मनोज कर्णवाल, बालकृष्ण वर्मा, राकेश कर्णवाल, मोनू धीमान, अंकित गुप्ता, आदि सहित पुरका. जी और क्षेत्र के जिम्मेदार लोग और व्यापारीगण उपस्थित थे।



# सपाई संग सत्येंद्र पाल ने भरवाए एसआईआर के प्रपत्र

■ मतदाताओं को गणना प्रपत्र दिलवाकर उन्हे भरवाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के गांव पलड़ी में आज रविवार के दिन भी चुनाव आयोग के निर्देश पर चलाया जा रहा एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी रहा।

गांव पलड़ी में वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र पाल के नेतृत्व में लगे इस कैंप में कई बीएलओ की सहायता से लगभग समस्त मतदाताओं को एसआईआर के ब्लेंक फ़ॉर्म वितरित और संग्रहित किए जा रहे हैं।

इस दौरान कैंप में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी, तहसीन मंसूरी, धर्मेंद्र नीटू, अकरम खान और हसीन कुरैशी सहित अनेक समाजवादी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की भी उपस्थित देखने को मिली।

# वार्षिक उत्सव में पर्यावरण चेतना का संदेश दिया

## गिरधारी लाल पब्लिक स्कूल में पांच सौ विद्यार्थियों की सहभागिता से हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गिरधारी लाल जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, प्रेमपुरी में रविवार को एक अद्भुत एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. पंकज जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सुनील जैन तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमा नागर अति. विशिष्ट अतिथियों के रूप में मंच पर विराजमान रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुआ, जिसके पश्चात बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लगभग 500 विद्यार्थियों की सहभागिता से सजा यह आयोजन करीब चार घंटे तक चला, और दर्शकों ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ समस्त कार्यक्रम का आनंद लिया।

कार्यक्रम में प्रस्तुत माता-पिता वंदना का भावनात्मक दृश्य देखकर उपस्थित अभिभावक भावविभोर हो उठे। मंच पर जब बच्चों ने अपने माता-पिता के चरण पखारे, तिलक लगाया, आरती उतारी और पुष्प अर्पित कर उनका भव्य स्वागत किया, तो पूरा सभागार भावनाओं से सराबोर हो गया। इस हृदयस्पर्शी दृश्य ने सभी अभिभावकों के मन में गहरी छाप छोड़ी।

इसके साथ ही धरती की पुकार, ना काटो मुझे, गंगा बहती हो क्यों? जैसी प्रस्तुतियों ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना का सशक्त संदेश दिया। वहीं 'दशाव. तार', हरामायण म्यूज़िकल एक्ट और कलियुग जैसी नाट्य प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति, त्याग, आदर्शों और आस्था का जीवंत मंचन किया। बच्चों द्वारा की गई योगा फॉर्मेशन ने अपनी अनुशासित प्रस्तुति और सामंजस्य से सभी दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। विद्यालय की प्राचार्या ने कहा केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के हृदय में माता-पिता के प्रति आदर, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और धरती के प्रति संवेदनशीलता की भावना जगाने का एक सशक्त प्रयास है। मुख्य अतिथि डॉ. पंकज जैन ने बच्चों को शिक्षा में मेहनत करने, सद्मार्ग पर चलने और अभिभावकों व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि गिरधारी लाल जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल से बच्चे आगे चलकर डॉक्टर, इंजी. नियर, वैज्ञानिक, जज, वकील और प्रोफेसर बनकर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष परिश्रम किया।

बच्चों की प्रस्तुति, अनुशासन और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।



मुजफ्फरनगर: गिरधारी लाल पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चें।

# सपा ने एसआईआर अभियान की गति को छेड़ी मुहिम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मीरापुर विधानसभा क्षेत्र में एसएआर कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने कस्बेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने मतदाता फार्म जल्द से जल्द सही तरीके से भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी को जमा करें और उसकी एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना या संशोधन करवाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हर नागरिक को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के अंतर्गत मीरापुर नगर अध्यक्ष एस. मोहम्मद मेवाती ने बताया कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हकीम शमीम अब्बासी के आवास पर विशेष कैंप लगाया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने अपने फॉर्म भरवाए। कैंप में बीएलओ भी मौजूद रहे और लोगों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तहसीन मंसूरी, शिव कुमार, वाहिद, हसमू मेवाती, असलम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के महत्व के प्रति जागरूक किया।

## पुलिस ने अभियान चलाकर संदिग्ध लोगों की तलाशी ली

**रामराज।** क्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक रवेन्द्र सिंह यादव तथा बैराज चौकी प्रभारी शिवदत्त कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने और सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई। पुलिस टीम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तैनात रही और गुजरने वाले वाहनों की बारीकी से जांच की।

अभियान के दौरान तीन सवारी बैठाकर चलने वाले, बिना सीट बेल्ट के ड्राइविंग करने वाले, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले तथा बिना हेलमेट या गमछा बांधकर पहचान छिपाने का प्रयास करने वाले चालकों को रोका गया। इन सभी की आवश्यक चेकिंग की गई और उन्हें नियमों का पालन करने के लिए सख्त हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसी गतिविधियां न केवल दुर्घटना की संभावना बढ़ाती हैं बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा बनती हैं।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही चालान सहित उचित कानूनी कार्रवाई की गई। साथ ही 'यातायात माह' को देखते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व तथा ओवरस्पीडिंग से होने वाले संभावित खतरे के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने कहा कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

# युवा महोत्सव 2025: रचनात्मकता, प्रतिभा और सांस्कृतिक विविधता का भव्य उत्सव

■ युवा पीढ़ी के लिए सांस्कृतिक अद्भुदता का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्ट-2025 एक बहुप्रतीक्षित समारोह साबित हुआ, जिसमें आने वाली पीढ़ी की रचनात्मकता, प्रतिभा और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस वर्ष का युवा महोत्सव अपनी थीम हए ब्लंट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरह के अनुरूप कला, संस्कृति और नवाचार का शानदार प्रदर्शन बनकर उभरा।

इस वर्ष के महोत्सव में यू.पी, तथा सीबीएसई बोर्ड के 43 स्कूलों के कुल 933 छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिससे कार्यक्रम और अधिक भव्य एवं प्रतिस्पर्धात्मक बन गया। इस रंगारंग महोत्सव में संगीत, नृत्य, नाटक एवं विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ, कपिल देव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, श्री राम कॉलेज के संस्थापक डॉ, एस, सी, कुलश्रेष्ठ, एवं प्राचार्या डॉ, प्रेरणा मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम कॉलेज के चेयरमैन डॉ, एस, सी, कुलश्रेष्ठ ने की। कार्यक्रम को तीन मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया था।

सांस्कृतिक गतिविधियाँ में ग्रुप सिंगिंग, ग्रुप डांस, डुएट सिंगिंग, डुएट डांस, सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, स्कूल बैंड रही।

रचनात्मक गतिविधियाँ में फूड विदआउट फ्लेम, मेंहदी आर्ट, नेल आर्ट, क्रिएटिव एक्टिविटीज़, कोलाज मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ज्वेलरी मेकिंग, बार्बी डॉल मेकिंग, फेस पेंटिंग रही। खेल गतिविधियाँ में खो-खो, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, कैरम इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, रचनात्मकता, अनुशासन और टीमवर्क को बढ़ावा देना था। सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन अनुभवी निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ, पूजा तोमर सहित अन्य विशेषज्ञ सदस्य शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष एवं सूक्ष्म मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किए।

नवाब अजमत अली खान गर्ल्स इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर की छात्राओं ने डुएट सिंगिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं शारदेन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य से जुड़ी सभी श्रेणियों में बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों की व्यापक सराहना प्राप्त की।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रतीक चिह्न, सर्टिफिकेट के साथ पुरस्कार धन राशि प्रथम स्थान हेतु रूपये 5100, द्वितीय स्थान हेतु रूपये 3100 तथा तृतीय स्थान हेतु रूपये 2100 की पुरस्कार धन राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में लकी ड्रा भी आयोजित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के लिए निम्नलिखित परिणाम रहें। ग्रुप डांस में प्रथम स्थान शारदेन पब्लिक स्कूल, मुज़फ्फरनगर, द्वितीय स्थान आईएसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान राजवंश इंटर कॉलेज, सोलो डांस में प्रथम वंशिका, सर्वोदय कन्या इंटर कॉलेज, द्वितीय खुशी, एस,डी, गर्ल्स इंटर कॉलेज तृतीय दीपांशी, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज वही सोलो डांस में सांत्वना पुरस्कारा पूर्वी होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, जडौदा तथा तनीशा शिक्षा शदन कन्या इंटर कॉलेज, डयूट डांस में प्रथम अक्षरा व सलोनी एस,डी, गर्ल्स इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान वैष्णवी व त्रिप्ती शर्मा, आईएसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान ज़ैद व राखी गर्वनमेंट इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर तथा सांत्वना पुरस्कार खुशबू व समीक्षा, शिक्षा सदन कन्या इंटर कॉलेज, एवं अनुष्का व वंशिका को मिला। समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार गीत चौधरी शारदेन पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार एसएफ डीएवी स्कूल के आलिया जामिनी, दीपिका, फातिमा, लाइबा, अवनी शर्मा और वैष्णवी को मिला तथा तृतीय स्थान राजवंश इंटर कॉलेज, वृतिका, मधु, अर्चना, गुंजन, अंशिका, अलसिफा, रूचि, वंशिका, डुएट सिंगिंग में प्रथम सालीहा व तै"यबा नवाब अजमत अली खान इंटर कॉलेज द्वितीय इकरा व अशरा नवाब अजमत अली खान इंटर कॉलेज तथा तृतीय यूसुफ़ व इस्माइल एसएफ डी ए वी पब्लिक स्कूल को मिला। सोलो सिंगिंग में दीप चौधरी प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान प्रांजल सिंह शारदेन पब्लिक स्कूल तथा वैदिक पुत्री कन्या इंटर कॉलेज, मुजफ्फरनगर, तथा ग्रुप सिंगिंग में प्रथम स्थान राजवंश इंटर कॉलेज,द्वितीय इंटर कॉलेज तथा तृतीय नवाब अजमत अली खान स्कूल को मिला। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के चेयरमैन डॉ, एस, सी, कुलश्रेष्ठ ने कहा कि युवा महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को एक सशक्त मंच देना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ कपिल धीमान एवं छात्रा हुरैन खान द्वारा अत्यंत संयोजित एवं प्रभावी रूप से किया गया। इवेंट के सफल संच. ालन में कार्यक्रम प्रबंधक अजय चौहान सीआरसी विभाग तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ, रीतु पुंडीर बेसिक साइंस विभाग का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डा एसएन चौहान, निदेशक श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज, डा आरपी सिंह, रिर्सच एसआरजीसी, डा सौरभ मित्तल, वाइस प्राचार्य, श्रीराम कॉलेज, डा विनित कुमार शर्मा डीन एकेडमिक्स श्रीराम कॉलेज, निशांत राठी, डीन कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# खतौली में एसआईआर अभियान को लेकर सर्वदलीय मंथन

■ समय पर कार्य पूरा करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तहसील सभागार में रविवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर एक महत्वपूर्ण सर्वदलीय बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिक. ारी निकिता शर्मा ने की। बैठक में सपा, भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बड़ी संख्या में मौजूद रहे। एसडीएम निकिता शर्मा ने बैठक में साफ संदेश दिया कि जो बीएलओ समय से शत-प्रतिशत कार्य पूरा करेंगे, उन्हें प्रशासनिक स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही चेतावनी भी दी कि अभियान में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं का देहांत हो चुका है या जो खतौली से बाहर स्थानांतरित हो चुके हैं, उनके फॉर्म पर बीएलओ और राजनीतिक दल के बीएलए, दोनों के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। एजेंडे को स्पष्ट करते हुए एसडीएम ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बीएलओ घर-घर पहुंचकर एसएफ फॉर्म भरवाएंगे, जिसकी एक प्रति मतदाता के पास और दूसरी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।एसडीएम ने ईएफ फॉर्म की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और सभी बीएलओ को टाइम-लाइन के साथ डोर-टू-डोर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों के निर्धारण में मतदाताओं की सुविधा सर्वोपरि रहेगी। प्राकृतिक बाधाओं को देखते हुए सरकारी भवनों को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि निजी भवनों का उपयोग अंतिम विकल्प होगा। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, सत्यदेव शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, सुनील उपाध्याय, पंकज सैनी ने अपनी शंकाएँ और सुझाव रखे, जिनका एसडीएम ने क्रमवार समाधान किया।




मुजफ्फरनगर: श्री कॉलेज के कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

# कांग्रेसियों ने भरवाए एसआईआर फार्म



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया, योगेश खारी डॉक्टर मुर्तजा सलमानी, इकराम सैफी के साथ एसआईआर के फार्म भरवाने लोगों के बीच पहुंचकर फॉर्म भरवा गए।

**NAME CHANGE**

I SAIMA MUZAFFAR W/O RIZAVAN MUZAFFAR R/O H.N.15 KHAMPUR POST KHUDDA, P/S CHHAPAR DISTT- MUZAFFARNAGAR (U.P.) I HAVE CHANGED MY NAME TO GAJALA MUZAFFAR.

# अपराधियों पर भारी पड़ रही शाहपुर पुलिस

■ शातिर वांछित को मुठभेड़ के दौरान किया लंगड़ा

**शाहपुर।** शाहपुर थानाध्यक्ष मोहित चौधरी व उनकी टीम अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को पूरा करना में लगे हुए है। अगर पुलिस पर कोई भी अपराधी गोली चलायेगा तो पुलिस भी माकूल ढंग से गोली का जवाब गोली से ही देगी और मोहित चौधरी व उनकी टीम अपना काम बेहतर ढंग से कर रही हैं और अपरा. धियों को उन्ही के अंदाज में सबक सिखाकर लँगड़ा लूला कर जेल की हवा खिला रही है। और देर रात भी शाहपुर थानाध्यक्ष मोहित चौधरी व उनकी टीम ने 01 शातिर वांछित अभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया गया घायल कर गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर भी बरामद किया। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ एवं पुलिस उपमहा. निरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिक. ारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह तथा थानाध्यक्ष शाहपुर मोहित चौधरी के कुशल नेतृत्व में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

# बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी मे हुई कैद, चोर की तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बे में गत दिवस एक कारखाने के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई थी । जिसके बाद नगर सहित क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया था नगर मे जहाँ पूर्व मे भी कई बाइके चोरी हो चुकी हे और बाइक चोर अभी तक पुलिस पकड़ से दूर हे वही गत दिवस हुई बाइक चोरी की घटना नगर के सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी जिसके आधार पर बाइक चोर की तलाश पुलिस ने शुरू कर दी हे पीड़ित ने जहाँ अपनी बाइक को इधर उधर काफ़ी तलाश किया था तलाश करने के बाद भी बाइक का कही अता पता नहीं चल पाया था पीड़ित ने होनी बाइक चोरी की थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र मे जहाँ पूर्व मे भी अनेको बाइक चोरी हो चुकी हे वही बाइक चोर अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हे और नगर के बिचौबीच से बाइक चोरी होने से जहाँ पुलिस की सक्रियता की पूरी पोल खुल गयी हे वही बाइक चोरो का अभी तक भी कही अता पता नहीं चल पाया हे जिससे क्षेत्रवासियो मे भारी रोष हे वही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर ही तलाश मे जुट गयी हे जल्द ही बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त मे होगा ।

## बिहार फतेह होने पर जेडीयू ने मनाया जश्न

**मुजफ्फरनगर।** जनता दल यूनाईटेड जिला कार्यकारिणी की बैठक में दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजय धनगर के साथ राजेन्द्र कुमार, राजेश शर्मा, अनुज कुमार, तीरथ सिंह, ओमकुमार, निखिल आदि कार्यकर्ताओं ने केवलपुरी में बैठक के दौरान बिहार में नितिश कुमार को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बांटी।

# उत्पात मचाते दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** शराब पीकर गाली गलौच व मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगो का चालान किया गया है। आकाश पुत्र संजय, निवासी ग्राम भूम्मा, तथा विवेक पुत्र नरेश, निवासी कस्बा व थाना मीरापुर, को शराब के नशे में आपस में मारपीट और गाली गलौज करने के आरोप में थाना मीरापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव फैलाने और शांति व्यवस्था भंग करने की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि नशे की हालत में दोनों आरोपियों ने आसपास के लोगों को भी परेशान किया और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में लेकर थाने लाया, जहां उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

**दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, मोरना ( मु.नगर )**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस मिल समिति मे सत्र 2025-26 मे विभिन्न जॉब वर्क एवं सैन्ट्रीफ्यूगल मशीन के स्पेयर्स की आपूर्ति हेतु निविदाएं दिनांक 03.12. 2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निर्धारित टेण्डर फीस जमाकर निविदा प्रपत्र मिल कोषागार से प्राप्त किये जा सकते है। नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र पर अंकित है। एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त / अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**

एआईएमआईएम अध्यक्ष कई पार्टियों पर बरसे...

# सभी दलों ने मुस्लिमों को छलने का काम किया:चौधरी

■ मुसलमानों की वोट तो ली पर साथ नहीं दिया



शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉक्टर मेहताब चौहान ने आज बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा में आयोजित एक विवाह समारोह में शिरकत करने के उपरांत पार्टी के कार्यकर्ताओं से बातचीत करने के दौरान कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने समय समय पर मुस्लिमों को छलने का ही काम किया। वे हमारे मुस्लिम भाइयों की वोट लेकर जब जब सत्ता में आए तब तब मुसलमानों को वोट बैंक ही समझा। इससे ज्यादा अहमियत ही नहीं दी। उन्होंने इन पार्टियों पर जमकर बरसते हुए कहा कि इनघ सभी पार्टियों ने हमेशा से मुसलमानों के वोट लेकर सत्ता हासिल की मगर बाद में मुसलमानों को उनके हाल पर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि सपा, कांग्रेस और बसपा ने मुस्लिमों के साथ दोहरा रवैया अपनाया। उनकी वोटों से ही सत्ता की कुर्सी पर काबिज हुए, लेकिन मुसलमानों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। ये शर्म की बात है। उन्होंनें मेहनती कार्यकर्ता आसिफ मलिक को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का संगठन मंत्री बनाते हुए हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा। यहां उत्तर प्रदेश के महासचिव इंतजार अंसारी, जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी, यूथ ज़िलाध्यक्ष अब्दुल माजिद, जिला महासचिव आजम फारुकी, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, जिला मुजफ्फरनगर के प्रभारी फुरकान चौधरी और जिला सचिव राव उस्मान आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चार लोगों पर लगा किशोरी के अपहरण का आरोप

**बुढ़ाना।** गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी एक युवक के संग चली गयी जबकि किशोरी के परिजनों ने चार युवकों पर उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस में हड़कंप मचा दिया है। बुढ़ाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के युवक ने आज रविवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसके गांव के ही अन्य चार युवकों ने उसकी 16 साल की नाबालिग बहन का अपहरण कर लिया है। आरोपी उसकी बहन के साथ कौड़ी भी अनहोनी कर सकते हैं। उधर बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। उधर दूसरी और गांव में चर्चा है कि बीती शनिवार के दिन गांव की यही नाबालिग किशोरी प्रेम प्रसंग के चलते गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गयी। अन्य तीन युवकों पर लगाया गया अपहरण का आरोप गलत है।

### संक्षिप्त समाचार

## दो लाख व बुलेट नहीं देने पर विवाहिता को घर से निकाला

**बुढ़ाना।** अतिरिक्त दहेज में 02 लाख रुपये और बुलेट मोटर साइकिल न मिलने पर दहेज लोभी ससुरालियों ने एक विवाहिता को उसके मासूम पुत्र सहित घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बुढाना सर्किल के रियावली नंगला ग्राम निवासी एक महिला ने महिला थाना बुढाना को बताया कि उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व कपिल पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम निवाडा बागपत के संग हुई थी। उसके पिता ने शादी में 8 लाख रुपये खर्च किये मगर ससुरालिए दहेज से नाखुश थे। वे अतिरिक्त दहेज मे 02 लाख रुपये और बुलेट मोटर साईकिल मांग रहे थे। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर वे उसके साथ मारपीट कर रहे थे। वह बीमार हुई तो उसको दवाई भी नहीं दी गयी। उसका पति शराब पीकर उसके संग जबरदस्ती अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाता है। एक दिन वो अपने कमरे में थी तो उसके ससुरालिए आए और अतिरिक्त दहेज न देने पर उसके गले में दुपटा डालकर उसकी हत्या का प्रयास किया तो पड़ोसियों ने उसे बचाया। उसके पिता भाई उसकी ससुराल आए तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। बीते वर्ष ससुरालियों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया। कुछ दिन बाद पुलिस ने सुलह कराई तो वो ससुराल आ गयी। तब उसने एक पुत्र को जन्म दिया मगर ससुरालिये अतिरिक्त दहेज की मांग करते ही रहे। बीती 12 मार्च को ससुरालियों ने फिर से उसके साथ खूब मारपीट की और उसको उसके पुत्र के साथ उसके पीहर छोड़कर भाग गये।

## अज्ञात चोरों ने मोटर साइकिल की चोरी

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** अज्ञात चोरों ने घर के बरामदे में खड़ी मोटर साइकिल चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार संजीव पुत्र भरत सिंह निवासी गांव मुजाहिदपुर ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वह बीती 24 नवम्बर को अपनी ड्यूटी करने के लिए अपनी मोटर साइकिल से रतनपुरी आया था। वह अपनी मोटर साइकिल को रतनपुरी गांव मे कृष्ण पाल पुत्र राजेन्द्र के घर के बाहर बरामदे मे खडी करके अपनी डयूटी पर चला गया। उसने वापस आकर देखा तो उसकी मोटर साइकिल वहां नही थी। किसी ने चोरी कर ली थी। उसी दिन से आज तक मैं अपनी मोटर साइकिल को अपने स्तर से ढूंढ रहा था। मगर नही मिली। पीड़ित ने रतनपुरी पुलिस से मोटर साइकिल बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गायब मोटर साईकिल की तलाश शुरू कर दी है।

## किक्की जैन गैंग के खिलाफ भड़का जनाक्रोश

**खतौली।** कस्बे में लंबे समय से व्यापारियों, शिक्षण संस्थानों, प्रॉपर्टी कारोबारियों और स्थानीय नागरिकों को कथित ब्लैकमेलिंग और रंगदारी में फंसाने वाले विनय जैन उर्फ किक्की जैन और उसके नेटवर्क के खिलाफ अब जनता खुलकर सामने आ गई है। रविवार को नगरवासियों ने बड़े स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर किक्की जैन के कथित कारनामों और उसके गैंग की गतिविधियों को लेकर लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि किक्की जैन और उसके सहयोगी धमकी, दबाव और भय का माहौल बनाकर सम्मानित नागरिकों से अवैध वसूली करते हैं। कई लोगों ने बताया कि उसका नेटवर्क कथित तौर पर उसके घर से ही संचालित होता है और परिवार के कुछ सदस्य भी इस गतिविधियों में भूमिका निभाते हैं। इससे पहले शनिवार को कस्बे के सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और स्कूल-कॉलेज प्रबंधन ने कोतवाली पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया था।

प्रदर्शनकारियों ने किक्की जैन पर रंगदारी के मामले दर्ज करने और उसकी जल्द गिरफ्तारी की मांग उठाई। लोगों का कहना है कि उसके कथित आतंक से परेशान होकर कुछ परिवार पहले ही कस्बे से पलायन कर चुके हैं, जबकि कई अन्य पलायन पर विचार कर रहे हैं। नागरिकों का यह भी कहना है कि किक्की जैन पर पहले भी रंगदारी के मामले दर्ज हुए, लेकिन कड़ी कार्रवाई न होने से उसका हौसला बढ़ता गया। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी और उसके साथियों पर सख्त धाराओं में कार्रवाई, आवश्यक होने पर एनएसए के तहत मामला दर्ज, तथा उसकी अवैध संपत्ति की जांच कर जब्ती की जाए।

## पांच वर्षीय बच्ची संग अश्लील हरकतें करने वाला दबोचा

### जेल भेजने से पूर्व आरोपी की हुई खातिरदारी

**बुढ़ाना।** पुलिस ने 12 घंटे में ही एक ऐसे नशेड़ी युवक को दबोचकर जेल भेज दिया जिसने 5 वर्ष की एक बच्ची संग अश्लील हरकतें की थी। उक्त आरोपी को जेल भेजने से पहले बुढ़ाना पुलिस ने उसकी अच्छी खातिरदारी भी की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के एक मौहल्ले की करीब 05 वर्ष की एक बच्ची बीते दिन अपने घर के पास खेल रही थी। तभी वहां पर मौहल्ले का ही एक नशेड़ी युवक वकार आया। जिसने बच्ची को बहलाया फुसलाया और उसे पास में ही सुनसान जगह पर स्थित खाली पड़े एक प्लाट पर ले आया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। तब बच्ची के चीखने व चिल्लाने पर आरोपी युवक मौहल्ले के कुछ लोगों को आते देख भाग खड़ा हुआ। घटना की सूचना बच्ची के परिजनों को मौहल्ले के लोगों ने दी तो परिजन कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंच गये और बच्ची को बुढाना कोतवाली में ले जाकर बुढाना पुलिस को घटना के बारे में बताया। तब सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर दारोगा आशीष चौधरी ने पीडित बच्ची का मेडिकल करवाते हुए तुरंत मामला दर्ज करके भागदौड़ करने के उपरांत आरोपी को कुल 12 घंटे में ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों के आधार पर खतौली तिराहे से पकड़ कर बुढ़ाना कोतवाली ले जाकर अच्छी खासी खातिरदारी कर गंभीर धाराओं में जेल भेजा है।

# पार्टियां कितनी भी हों लक्ष्य एक ही हो: कुमार

### देश की तरक्की के लिए सकारात्मक दिशा में काम किया जाना जरूरी

■ बल्लभ पन्त विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ने दिया बयान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर से बागवानी विशेषज्ञ एवं कृषि विज्ञानी सुबोध कुमार ने बताया कि किसी भी देश की तरक्की के लिए जरूरी है कि वहां की राजनीति देश हित में सकारात्मक दिशा में काम करे। राजनीतिक पार्टियां चाहे कितनी भी हों लक्ष्य एक ही होना चाहिए जनता की भलाई।

हां उस लक्ष्य को पाने का तरीका अलग अलग हो सकता है लेकिन मंजिल राष्ट्रहित ही होनी चाहिए। पहले भी हमारे देश में कई राजनीतिक दल थे और आज भी हैं लेकिन आज़ादी से पहले महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह जैसे नेताओं का लक्ष्य एक था आज़ादी। मतभेद तब भी थे पर मतभेद सिर्फ तरीक़ों में थे नीयत में नही।

किसी भी लोकतंत्र में एक मज़बूत विपक्ष का होना अनिवार्य है ताकि सत्ता पक्ष सही दिशा में काम करता रहे। पर आज हालात बिलकुल उलट होते दिखाई देते हैं। न कोई साझा लक्ष्य न काम करने का ढंग न देशसेवा की भावना। कई दल और उनके कार्यकर्ता किसी निजी कंपनी की तरह व्यवहार करने लगे हैं। जिनकी सोच देश की सेवा नहीं बल्कि सत्ता पर कब्ज़ा जमाने और स्वार्थ पूरे करने पर केंद्रित होती जा रही है जो निश्चित ही देश विरोधी प्रवृत्ति है। हमें इसकी पहचान करनी होगी। मेरा मानना है कि सभी राजनीतिक दलों का एक ही मूल एजेंडा होना चाहिए जनता की ज़रूरतों के आधार पर तैयार किया गया एजेंडा। फर्क सिर्फ इस बात में हो कि कौन सी पार्टी उसे तेज़ी, ईमानदारी और पारदर्शिता से पूरा करती है। यहां तक कि सभी दलों का झंडा भी एक जैसा हो ताकि लड़ाई विचारों की हो रंगों की नही। इसलिए मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि आज आप शिक्षित हैं समझदार हैं। उन पार्टियों और नेताओं का साथ दीजिए जो वास्तव में आपकी सेवा करना चाहते हैं। ऐसे लोगों को चुनकर आगे भेजिए जो सच्चे अर्थों में देशसेवा की भावना रखते हों। तभी हमारा विकास सुनिश्चित होगा। जनता खुशहाल तो देश खुशहाल। साफ-सुथरे मन और नीयत से ही सच्ची देशसेवा संभव है।

## दबंगों ने महिला व उसके पुत्र को जमीन पर गिराकर पीटा

**बुढाना।** भरे बाजार में दबंग युवकों ने एक महिला व उसके पुत्र की पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। समीना पत्नि सलीम निवासी बुढ़ाना ने बताया कि वो बीते कल अपने पुत्र सलमान के साथ पीठ बाजार में कपड़े खरीदने गयी थी। वहां उसने एक दुकान से शाल खरीदा। कुछ दूर जाने पर उसे शाल की क्वालिटी में कमी लगी तो वो दुकान पर जाकर शाल बदलने को कहने लगी। परंतु दुकानदार ने शाल बदलने से मना कर दिया। उसके बार बार कहने पर दुकानदार ने न केवल अभद्र व्यवहार किया बल्कि उसके मुंह पर पैसे फेंककर मारे व गंदी गालियां देते हुए चले जाने को कहा। पैसे नीचे गिरने तो वो उन्हें उठाने लगी उसी समय अनस, अशरफ व अकरम निवासीगण चंधेडी रोड बुढ़ाना करीब 10 लोगों संग वहां आए और उससे मारपीट कर उसके बाल पकड़कर जमीन पर गिराया। उसके मुंह, छाती, पीठ व हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आई। उसके कान की सोने की एक बाली हमले के दौरान नीचे गिरी तो उसे आरोपियों ने उठा ली। पुत्र सलमान ने जब बीच-बचाव किया तो उसके संग भी मारपीट की। जिसमे सलमान की हालत गंभीर है। चोटें ज्यादा होने पर डाक्टरों ने उसके पुत्र को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी जाते समय उसे हत्या की धमकी दे गये। बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। पीड़िता ने रविवार को सीओ से आरोपियों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

# आर्य समाज का वार्षिकोत्सव हुआ समाप्त

### वार्षिक उत्सव के समापन पर पुरोहित अंकित आर्य ने किया यज्ञ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** आर्य समाज दयानन्दनगर बडौत रोड बुढाना में चल रहे वार्षिकोत्सव का समापन हुआ। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन प्रात काल की बेला में यज्ञ किया गया। जिसमें पुरोहित अंकित आर्य द्वारा यज्ञ सम्पन्न किया गया। यज्ञमान विश्वराज पंवार व उनकी पत्नी विदुषी पंवार रहे।

उसके बाद विद्वान उपदेशक आचार्य रणवीर शास्त्री द्वारा बताया गया कि मनुष्य को असत्य को त्यागकर सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। काम, क्रोध और मोह से मुक्त होना चाहिए। हापुड़ से आयी आचार्या सुल्भा शास्त्री ने कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो गुरुकुल शिक्षा प्रद्धति को अपनाना पडेगा। मानव जीवन कैसे जियें जिससे सभी का जीवन सुखमय और कल्याणकारी हो।

सभी को वैदिक रीति से और महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए।

यज्ञ सभी जीवों के लिए कल्याणकारी होता है। यज्ञ दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कर्म है वहीं प्रसिद्ध भजनोपदेशक ऋषिदेव आर्य द्वारा वैदिक भजनों के माध्यम से श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। संन्यासी ज्ञानेश्वर मुनि व धर्मानन्द आदि काफी संख्या में आर्य सन्यासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान प्रवीण राणा संयोजक, संजीव पंवार, कपिल आर्य, ओमपाल सिंह, मास्टर तेजपाल, राम गोपाल आर्य, डाक्टर चन्द्रपाल, मास्टर राजेन्द्र, विनोद त्यागी, एडवोकेट प्रशांत शर्मा, मास्टर जय भगवान, अनूप राठी एडवोकेट, मुकेश आर्य, और हंसराज समेत सब पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## दूसरे सांप्रदाय की युवती के साथ की छेड़छाड़

■ शिकायत पर पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** एक युवक ने दूसरे सांप्रदाय की एक युवती के साथ छेडछाड की। पीड़ित युवती के परिजनों ने बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस से घटना के बारे में बताया तो पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार चर्चा के आधार पर कथित तौर पर आज रविवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के पारसी बस स्टैंड पर एक युवक के द्वारा एक युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया। जहां युवती ने इस बात को घर जाकर अपने परिजनों को बताया तो परिजन आरोपी युवक के घर पर पहुंचे तो आरोपी उनको घर पर नहीं मिला। तब वे बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और पुलिस को युवक की कारगुजारी के बारे में बताया। तब बुढ़ाना पुलिस ने मामला दो समुदाय के बीच होने के चलते पीड़ित युवती की तहरीर पर फरार आरोपी युवक की तलाश शुरु कर दी। उधर पुलिस ने भागदौड़ करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## देव पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का समापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** देव पब्लिक स्कूल मंसूरपुर में आज समापन हुई अंतरराज्यीय किक बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता में लगभग 12 विद्यालय और 21 टीमों ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में देवराज पंवार, लोकपाल नीरज शर्मा, विकास बालियान, मैडम गीता एवं अन्य स्कूलों के आए हुए प्रबंधक और प्रधानाचार्य रहे।

आर्यवर्त खेल संघ के अध्यक्ष श्री सूर्यदेव मनोज सिंह, राखी सूर्य देव प्रीति मैडम राहुल धीमान और लगभग किक बॉक्सिंग के बड़े बारह कोच जिन्होंने प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बनाया और प्रतियोगिता का संचालन कर सफल बनाया। विद्यालय गोल्ड हार्ट एकेडमी पब्लिक स्कूल पुरबालियान ने जीता प्रथम पुरस्कार और सभी टीमों में विजई रहे। विद्यालय के नाम रहे आठ गोल्ड मेडल सात सिल्वर मेडल और छ ब्रॉन्ज मेडल प्रधानाचार्य भार्गव ने सभी को शुभकामना देते हुए। प्रबंधक शशिकान्त शर्मा जी के इस महत्वपूर्ण प्रयास और अटूट विश्वास को सराहा। और विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत और लगन में पूर्ण होने पर माता-पिता और गुरुओं का नाम रोशन करने पर बहुत-बहुत बधाई दी।

## सपा का जनसंपर्क अभियान जोरों पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** खतौली विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी ने रविवार को वोटर सूची सुधार के लिए व्यापक डोर.टू.डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। जीटी रोड स्थित कोतवाली के बराबर शुरू हुए इस अभियान का नेतृत्व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं ब्लॉक प्रभारी श्याम लाल बच्ची सैनी ने किया।कार्यकर्ताओं की टीम ने क्षेत्र में घर.घर जाकर लोगों से संवाद किया और मतदाता सूची में आवश्यक सुधार करवाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान पात्र नागरिकों से जरूरी दस्तावेज एकत्र कर मौके पर ही फॉर्म भरवाए गएए ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूट न जाए।सपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को नई वोटर आईडीए पते में बदलावए नाम संशोधनए उम्र सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी।

इस मौके पर श्याम लाल बच्ची सैनी ने कहा लोकतंत्र में हर वोट की अहमियत है। हमारा उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति का नाम वोटर सूची में सही रूप से दर्ज रहे। किसी भी समस्या के लिए क्षेत्रवासी बेहिचक संपर्क करें।श् स्थानीय लोगों ने सपा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से जनता को सरकारी प्रक्रियाओं को समझने में आसानी होती है और जागरूकता भी बढ़ती है। कार्यकर्ताओं ने पर्चे वितरित कर वोटर सूची सुधार से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी भी दी। दिनभर सक्रिय रहे सपा कार्यकर्ताओं ने पूरे इलाके में जनजागरूकता का माहौल बनाए रखा।

# इंसाफ के लिए भटक रहा परिवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** मामा की सम्पत्ति का वारिस होने के बाद मजदूर परिवार इंसाफ के लिए भटक रहा है। पीड़ित परिवार ने अपने साथ भारी अन्याय व उत्पीड़न होने के आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियो से मदद की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी अब्दुल कादिर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रार्थनापत्र देकर बताया की उसके पिता दिलशाद के मामा इनामुलहक निवासी सीकरी ने दो वर्ष पूर्व अपनी चल अचल सम्पत्ति का वारिस भांजे दिलशाद को बनाया था। इनामुलहक की शादी न होने के कारण वह भांजे दिलशाद के पास ही रहते थे जहां उनकी मृत्यु हो गयी।विरासत के अनुसार इनामुलहक की चल अचल सम्पत्ति के मालिक दिलशाद होने के बावजूद एक आरापी युवक अनावश्यक रूप से प्रशासन को गुमराह करता रहता है। अब्दुल कादिर बताया की बीते 24 नवंबर को उसने आरोपी द्वारा कृषि भूमि को खुर्द बुर्द करने की सूचना पुलिस को दी किन्तु पुलिस ने उसे ही गिरफ्तार कर लिया तथा सभी कागजात दिखाने के बावजूद शान्ति



भंग मे चालान कर दिया।पीड़ित ने पुलिस पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने के आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर न्याय की गुहार लगाई है।

# वासुदेव मण्डल के स्थापना दिवस पर यज्ञ

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** भोजाहेडी स्थित मां काली धाम में सातवें वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ बड़ी ही श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। धाम में सर्व मंडल, नवग्रह मंडल व वासुदेव मंडल द्वारा विधिवत स्थापना के साथ 108 घंटे के अखंड महायज्ञ का शुभारंभ आचार्य ललिता प्रसाद रतूड़ी, आचार्य मनोज, कथा वाचक सीताराम त्रिपाठी व अतुल मिश्रा के सानिध्य में किया गया।

धाम की अध्यक्ष रेखा अग्रवाल द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर महायज्ञ की शुरुआत की गई। 4 दिसंबर को होंगे प्रमुख आयोजन महोत्सव के अंतर्गत 4 दिसंबर को 108 कन्या पूजन, वस्त्र वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार (मंत्री), कपिल देव अग्रवाल (मंत्री), स्वामी जितेंद्र आनंद गिरी महाराज जूना



अखाड़ा, महामंडलेश्वर दिनेश खटीक (मंत्री, मेरठ) डॉ. वीरपाल निर्वाल (जिला पंचायत अध्यक्ष) उपस्थित रहेंगे और कन्या पूजन व वस्त्र वितरण करेंगे।

धाम प्रबंधन ने सभी भक्तों से 4 दिसंबर को माता के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। मुख्य रूप से अंकित अग्रवाल (प्रबंधक, मां काली धाम), दीपांशु अग्रवाल, राधा अग्रवाल, गौरव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता पूर्व प्रधान, संगीता गुप्ता, मयंक गुप्ता, मोहनलाल, योगेंद्र चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, किसान यूनियन सहित अनेक भक्त एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

## तमंचे कारतूस समेत युवक को किया गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** एक युवक को फुगाना पुलिस ने एक तमंचे और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के कुशल पर्यवेक्षण मे फुगाना पुलिस द्वारा अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते आज रविवार के दिन अभियुक्त रोबिन पुत्र विनोद निवासी ग्राम सरनावली थाना फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसको डुंगर वाया फुगाना चौराहे से पकडकर उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक कौशेन्द्र तोमर, कांस्टेबल अजय कुमार और कांस्टेबल नितिन कुमार रहे।

# काजी गार्डन के पास दो युवकों से मारपीट

■ 52 हजार लूटे जाने का आरोप, पुलिस ने लूट की घटना पर जताई शंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** बुढ़ाना मार्ग स्थित काजी गार्डन के पास दो युवकों से मारपीट और 52 हजार रुपये लूटे जाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि लूट की घटना को संदिग्ध बताया जा रहा है।

सद्दीकनगर निवासी हमजा पुत्र शहाबुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने साथी अनस पुत्र कय्यूम के साथ काजी गार्डन के पास खड़ा था। तभी आधा दर्जन युवक वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौच करते हुए



मारपीट करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने दोनों पर बलेटो से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमजा का आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावर उसकी जेब से 52 हजार रुपये की नकदी भी लूटकर फरार हो गए। शोर मचाने पर राहगीर मौके पर पहुंचे, लेकिन हमलावरों को पकड़ने का प्रयास नाकाम रहा।पीड़ित युवक कोतवाली पहुंचे और हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने तथा लूटी गई रकम वापस दिलाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला मारपीट का प्रतीत हो रहा है, जबकि लूट की घटना पर संदेह है। हालांकि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्मॉग से हो रही आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आसमान में फैले स्मॉग से आंखों में जलन और सांस लेने में कठिनाई हो रही है। आसमान में फैला घना स्मॉग, न सिर्फ दृश्यता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि लोगों को सांस लेने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कई स्थानों पर प्रदूषण के स्तर ने खतरनाक सीमा को पार कर लिया है, जिसके कारण आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

कोहरे और प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के मानक को लेकर अधिकारी चिंतित है। जिसके चलते रविवार को लगातार दिनभर आसमान में स्मॉग छाया रहा। सुबह के समय स्मॉग इतना अधिक था कि सडकों, हाईवों पर .श्यता भी प्रभावित हो रही थी। पिछले कुछ दिनों में शामली की वायु गुणवत्ता सूचांक 109 से 259 के बीच रहा।

यह संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक है। रविवार को भी वायु गुणवत्ता सूचंका 190 के आसपास रहा। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। आंखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण दुकानें और बाजार बंद रहे, जिस कारण लोगों को आसमान में फैले स्मॉग का महसूस नही किया, लेकिन बुर्जुग, और बीमार लोगों को परेशानियां हुई है। चिकित्सकों ने मास्क लगाकर घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

# झिंझाना पुलिस ने दो तस्कर गिरफ्तार कर साढ़े चार लाख रुपये की स्मैक बरामद की





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान श्ऑपरेशन सवेराश के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ही दिन में की गई दो अलग-अलग कार्रवाइयों में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से लगभग 40 ग्राम स्मैक बरामद की। बरामद नशीले पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 40 हजार रूपए बताई जा रही है।

पुलिस ने जावेद औदरी नामक एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 20।40 ग्राम स्मैक बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई में रियासत केरटू नामक दूसरे तस्कर को उसके इलाके में ही पकड़ लिया गया। उससे 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस इन गिरफ्तारियों को और आगे बढ़ाते हुए जांच कर रही है। मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि यह नशीला पदार्थ कहां से आ रहा था और किसे आपूर्ति की जानी थी। पुलिस दोनों आरोपियों से जुड़े पूरे तस्करी नेटवर्क,सप्लाई चेन और अन्य संलिप्त लोगों का पता लगाने में जुटी हुई है। इस कार्रवाई से पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अपनी सख्ती जारी रखने का संदेश दिया है और भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहने की उम्मीद है।

## न्यायालय सजा

### तीन को कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 18 जनवरी वर्ष 2022 को मोहल्ला रेलपार निवासी गोपाल की माता राजकुमारी का शव सिम्भालंका जंगल से बरामद हुआ था। इस मामले में गोपाल की तहरीर पर पुलिस ने हरिबाबा, सुन्दर कश्यप और नत्थूदास के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मामले में लगातार सशक्त व प्रभावी पैरवी की। अदालत ने सुनवाई पूरी करते हुए तीनों आरोपियों को धारा 302 में आजीवन कारावास व 20-20 हजार रूपए अर्थदंड, जबकि धारा 201 में दो-दो वर्ष का साधारण कारावास व 2-2 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भी निर्धारित किया गया है।

### दो अभियुक्तों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2009 में अभियुक्त राहुल पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली के विरुद्ध थाना आदर्शमंडी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 2 वर्ष का कारावास व 5,000/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर 1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है। उधर, 2023 में अभियुक्तगण 1. आकाश उर्फ मिन्टू पुत्र विनोद 2. गौरव उर्फ अंकित पुत्र प्रेमपाल निवासीगण ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उक्त मामले में शामली पुलिस को नियमित रूप से प्रभावी पैरवी हेतु निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा गैंगस्टर के मामले में अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 2 वर्ष 3 माह का कारावास व 10,000-10,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 1-1 माह अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

### तीन हत्याभियुक्तों को कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 18.1.2022 को गोपाल पुत्र स्व. रामकुमार निवासी मोहल्ला रेलपार मकान कल्याण सिंह थाना आदर्शमंडी जनपद शामली की माता राज. कुमारी का शव सिम्भालंका जंगल में मिला था, जिसमे हरी गिरी बाबा व अज्ञात साथियो द्वारा हत्या करने के सम्बन्ध मे वादी गोपाल उपरोक्त की तहरीर पर थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आज न्यायालय ADJ/FTC कैराना, शामली द्वारा अभियुक्तगण 1. ब्रजपाल उर्फ हरिबाबा पुत्र शोभाराम निवासी नून्ना खेड़ी थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर हाल पता आश्रम कालोनी लिलौन रोड (मल्ली रोड़) शामली 2. सुन्दर पुत्र राजपाल कश्यप निवासी ग्राम किरठल थाना रमाला जनपद बागपत 3. नत्थूदास पुत्र बन सिंह निवासा बड़ा नंगला कबीर थाना सिखेड़ा जनपद मुजफ्फरनगर को दोषी पाते हुए धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 20,000-20,000/-रुपए अर्थदण्ड, अर्थदण्ड जमा न करने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास तथा धारा 201 भादवि में 2-2 वर्ष के साधारण कारावास की सजा व 2,000-2,000/- रुपए अर्थदण्ड, अर्थदण्ड जमा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया है।

### 11 एनबीडब्ल्यू अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 30.11.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना थाना आदर्शमण्डी कोतवाली शामली बाबरी झिंझाना कांधला थानाभवन पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 11 एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. श्यामपाल पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, 2. मांगेराम पुत्र सुखवीर निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, 3. राजकुमार पुत्र पालू निवासी मौहल्ला गांधी नगर कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी शामली जनपद शामली, 4. आजम पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला कलन्दरशाह थाना कोतवाली जनपद शामली, 5. मोनू पुत्र नेकीराम निवासी ग्राम कैडी थाना बाबरी जनपद शामली, 6. विजय पुत्र अरविन्द निवासी खानपुर कला थाना झिझाना जनपद शामली, 7. इकराम पुत्र अशरफ निवासी नई बस्ती समेलमपुर रोड कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली, 8. इस्लाम पुत्र अशरफ निवासी नई बस्ती समेलमपुर रोड कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली, 9. दाउद पुत्र इशरफ निवासी ग्राम गढीदौलत थाना काधला जनपद शामली, 10. मेहताब पुत्र अलीनवाज निवासी मौहल्ला नत्थीटंकी भैसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, 11. प्रवीण पुत्र बाबू निवासी ग्राम श्यामगढी थाना कांधला जनपद शामली है।

# जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां की वितरित






**शामली।** नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा सरकारी प्राइमरी स्कूल, न,1, नोजल में स्कूल के सभी बच्चों, और आंगन बाड़ी बच्चो को जर्सी और टोपे वितरण किए, और सभी बच्चों, के लिए बैंच, मेज, आदि भी देने का वायदा किया,नगर पालिका शामली अध्यक्ष अरविंद संगल जी ने आशीर्वाद स्वरूप सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि कहा गुरुओं के बताए रास्ते पर चल कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक दिन डॉक्टर, इंजियर, आई, पी, एस ऑफिसर, कि तरह महान बन सकते हैं उपस्थित, संथापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग, अध्यक्ष मनुज कांबोज,जगदीश प्रसाद, अजय गर्ग, अंकुर आर्य, संदीप विश्वकर्मा, प्रिंसिपल रवि कुमार, अंकित जी, कविता जी संरक्षक, सुरेंद्र बंसल, वीरेंद्र संगल, आयुष गोयल, सतीष गोयल, गिरिश तायल, देविंद्र धानिया, अमित गर्ग अनिल कुमार, सचिन अरोरा, मोहित शिवाल, भोरी लाल, आदि शामिल रहे।

**शामली।** कड़ाके की ठंड के बीच भारतीय विद्यार्थी संगम द्वारा रविवार को जरूरतमंद विद्यालई बच्चों के लिए 400 जर्सियों का निशुल्क वितरण किया गया। जर्सी वितरण कार्यक्रम रेलवे रोड स्थित सत्यनारायण शिशु मंदिर, दासीवाला पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन दिव्य प्रभाकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह आर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष राजपाल आर्य, राजीव जैन, यशपाल पवार, मुकेश गर्ग एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया। कहा कि भारतीय विद्यार्थी संगम हर वर्ष सर्दी के मौसम में बच्चों के लिए जर्सी वितरण कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य करती है। संस्था के अध्यक्ष अनुराग जैन ने बताया कि आज 400 बच्चों को जर्सियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वैभव संगल, संरक्षक नितिन वर्मा, रमेश नामदेव, नवीन अरोड़ा, अनिल बंसल, रवि संगल, राकेश शर्मा, विकास शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, मुकेश वर्मा, रामनिवास सैनी, श्यामलाल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को कस्बे के दो स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 128 वें एपिसोड को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन एवं सभासद प्रदीप भार्गव के निवास पर किया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली और उनकी दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति की सराहना की। वहीं मंडल कार्यालय पर भी मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मन की बात' सुनी। डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद देशवासियों के दिलों को छूता है और ऐसा प्रतीत होता है कि वे हर नागरिक से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं।कार्यक्रम में, दीपक गुप्ता, रवि नामदेव, पूजा सैनी, अशोक चौहान, अंकित शर्मा, राजीव शर्मा, डॉ। रामकुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बढ़ता जा रहा है ठंड का प्रकोप

**शामली।** रविवार को सवेरे से ठंडी हवाओं का दौर जारी रहने से ठंड का प्रकोप बना रहा। ठंड बढ़ने से लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया है वही रात्रि में मौसम का तापमान लगातार गिरने से सड़कें वीरान दिखाई देने लगी है। रात्रि में कई चौराहों पर लोग आलाव के सहारे बैठे दिखाई दिए। रविवार को मौसम का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान पिछले एक सप्ताह में लगातार कम हुआ है। यदि न्यूनतम तापमान की बात करे तो पिछले एक सप्ताह में करीब 6 डिग्री सैल्सियस कम हुआ है। रविवार सुबह से ही सर्द हवाएं चलती रही। दोपहर के समय तेज धूप जरूर निकली और दिनभर लोग धूप के सहारे बैठे रहे, लेकिन जैसे ही शाम हुई तो सर्द हवाएं का दौर एक बार फिर शुरू हो गया था। ठंड से बचाव को लोग गर्म कपडों के सहारे समय व्यतीत करते रहे। रात्रि के समय ठंड का प्रकोप बढ़ने से सड़के वीरान हो गई थी। शहर के विभिन्न चौराहों पर लोग आलाव के सहारे बैठे रहे।

# एसआईआर के तहत मदरसे में लगा मेगा कैंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पानीपत रोड स्थित मदरसा अशातुल इस्लाम में शनिवार को एसआईआर अभियान के तहत फॉर्म जमा कराने और अधूरे फॉर्मों को पूरा कराने के लिए मेगा कैंप आयोजित किया गया। इस दौरान लेखपाल, अमीन और विभिन्न वार्डों के बीएलओ मौजूद रहे। साथ ही फॉर्म जमा करने वालों की भीड़ लगी रही।

पानीपत रोड पर स्थित मदरसा इशातुल इस्लाम में आयोजित एसाईआर मेगा कैंप में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में वोटरों का घर.घर सत्यापन, दस्तावेजों का मिलान, पुराने रिकॉर्ड में सुधार, नए मतदाताओं का पंजीकरण और त्रुटियों का निराकरण किया जा रहा है। आयोग ने इसे संवेदनशील प्रक्रिया बताते हुए सभी को फॉर्म समय से जमा करने की अपील की है। कैंप में आए नागरिकों के फॉर्म जमा किए गए। अधूरे या गलत भरे फॉर्मों को मौके पर ही ठीक कराया गया, ताकि कोई भी मतदाता प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। चुनाव आयोग ने एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी है।सुबह से ही कैंप में लोगों की भीड़ रही और स्टाफ स्क्रूटनी व सत्यापन में जुटा रहा।इस मौके पर सुपरवाइजर इनाम चौधरी, साजिद अमीन, शहजाद खान समेत बीएलओ फारूक अहमद, बृजेश कुमार, शाहिद हसन, मोहम्मद असलम, शिव ओम, अब्सार अहमद, मोहम्मद आरिफ उपस्थित रहे। अभियान को सफल बनाने में मौलाना बरकतुल्लाह अमीनी, मास्टर समीउल्लाह खान, डॉ। अनवार अंसारी, इंतजार अंसारी, डॉ। अजमतुल्लाह खान, मौलवी सुफयान आदि का अहम योगदान रहा।

## बीएलओ घर घर जाकर कर रहे एसआईआर फॉर्म अपलोड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** वार्ड में मतदाता सूची के एसआईआर फॉर्म अपलोड करने का कार्य तेजी से जारी है। बीएलओ सुभाष चंद ने बताया कि उनके वार्ड में कुल 1017 मतदाता दर्ज हैं। इनमें से अब तक लगभग 90 फीसद फॉर्म ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं। बीएलओ ने जानकारी दी कि कुछ लड़कियों की शादी हो जाने के कारण वे वार्ड से बाहर चली गई हैं, जबकि कुछ मतदाताओं की बीमारी के चलते मृत्यु हो चुकी है। ऐसे नामों के सत्यापन व दस्तावेजी प्रक्रिया के बाद सूची में आवश्यक संशोधन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेष बचे मतदाताओं के फॉर्म भी शीघ्र ही अपलोड कर दिए जाएंगे, जिससे आगामी मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और सटीक रूप में तैयार हो सके।

## एक नजर

### महिला ने सगी बहन पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव गढ़ीरखा निवासी महिला कलावती पत्नी ब्रजपाल ने अपनी सगी बहन संगीता पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।पीड़िता ने बताया की उसके पति ब्रजपाल के साथ अवैध संबंध होने को लेकर दोनों के बीच कई बार कहा. सुनी हो चुकी है। आरोप है कि शाम के समय कलावती जब घर पर अकेली बैठी थी, तभी संगीता अचानक घर में घुस आई और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर उसने कलावती के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।शोर सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देख आरोपी बहन फरार हो गई। घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ऑपरेशन सवेरा पड़ा फीका मादक पदार्थ तस्करों का बोलबाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** डीआईजी के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सवेरा पर पुलिस मादक पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम हो रही है। कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर पुरुषों सहित महिला व बच्चे भी मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के काई गांव में खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। पुलिस के द्वारा ढीला रवैया अपनाने से मादक पदार्थ करो का बोलबा. ला है और मादक पदार्थ तस्करों के हौसले बुलंद हैं। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मादक पदार्थ तस्कर की दबंगई देखने को मिली मादक पदार्थ तस्कर ने खुलेआम एक ग्रामीण को चुनौती देते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई भी सफलता नहीं लगी पुलिस का ढीला रवैया होने से नगर एवं क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जान से मारने की धमकी देने व गाली-गलौज करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जंधेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने दो नामजद समेत चार लोगों पर जान से मारने की धमकी देने व गाली-गलौच करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। क्षेत्र के गांव जंधेड़ी निवासी देवीचंद ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसके गांव में एक गौशाला है, जिसमें गोवंश मृत पाया गया था। मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। आरोप है कि विगत 27 नवंबर को देर शाम करीब आठ बजे चार लोग धारदार हथियारों से लैस होकर उसके मकान पर पहुंचे तथा उसके साथ में गाली-गलौच करते हुए धमकी दी। कहा कि तुमने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रखा है। उसमें फैसला कर ले वरना तेरे टुकड़े करके लाश का भी पता नही देंगे। आरोपियों से उसे जान का खतरा बना हुआ है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

### शराब बेचता विकलांग व्यक्ति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कैल शिकारपुर रोड पर एक बंद पड़ी दुकान से देसी शराब बेच रहे एक विकलांग व्यक्ति को 21 पव्वों सहित गिरफ्तार कर आबकारी अधि. नियम के तहत जेल भेज दिया। थाना भवन क्षेत्र के गांव जसाना उर्फ मस्तगढ़ नहर पुल के पास कैल शिकारपुर रोड पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक विकलांग व्यक्ति को देसी शराब की अवैध बिक्री करते पकड़ा। उप निरीक्षक योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि कैल शिकारपुर रोड पर एक बंद पड़ी दुकान में एक व्यक्ति अवैध रूप से देसी शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपित को पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से प्लास्टिक के थेले में छिपाकर रखे 21 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम तेजपाल पुत्र इंदर निवासी मस्तगढ़ बताया। पुलिस ने तेजपाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक योगेश कुमार शर्मा हेड कांस्टेबल कमल कुमार कांस्टेबल विकास मलिक शामिल रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन नगर में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना हनारी शक्ति मिशन 5 के अंतर्गत महिलाओं के सम्मान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश, क्षेत्राधिकारी के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम में शामिल उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, लोकेश कुमार हेड कांस्टेबल विनीता देवी ने नगर के मुख्य बाजार, तिराहों, चौराहों व गलियों में भ्रमण कर महिलाओं, बच्चियों एवं छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, साइबर क्राइम या उत्पीड़न की स्थिति में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या निकटतम थाने से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।इस मौके पर टीम ने कहा कि पुलिस विभाग हर समय महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के लिए तत्पर है और मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, आत्मविश्वासी और सुरक्षित बनाना है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने के प्रयास के गंभीर आरोप लगाते हुए थाना कैराना कोतवाली में में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरेर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 10 मई वर्ष 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से नीरज पुत्र सत्यपाल निवासी पेपर मिल रोड, टेगोर गार्डन, सहारनपुर के साथ हुई थी।

तहरीर में कहा गया है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उस पर दबाव बना रहे थे और आए दिन मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि विवाहिता को उसके पति, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद व अन्य परिजन मिलकर पांच लाख रूपए के अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर परेशान करते रहे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की कोशिश भी की गई।

पीड़िता ने बताया कि गत 1 जून 2025 को ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग करते हुए उसे घर से मारपीट कर निकाल दिया। विवा. हता का कहना है कि कई बार समझौते की कोशिश की गई, पंचायतें भी हुई, लेकिन ससुराल पक्ष किसी समाधान को तैयार नहीं हुआ। जब वह अपने सामान लेने ससुराल पहुंची तो घर पर ताला लगा मिला। इस संबंध में पीड़िता ने पहले पुलिस चौकी पेपर मिल,थाने के साथ- साथ महिला थाना और एसएसपी कार्यालय में भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब पीड़िता ने थाना कैराना में तहरेर देकर पति सहित ससुराल पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए ससुराल पक्ष के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने कहा कि वह ससुराल जाने को तैयार है, लेकिन लगातार प्रताड़ना और जान का खतरा होने के कारण न्याय चाहती है।

## आधा दर्जन वारंटी व जुआरी किए गिरफ्तार


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग पर एक मैरिज होम के निकट जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। दूसरी और पुलिस ने तीन वारंटी भी गिरफ्तार किए हैं।

शनिवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि कैराना मार्ग एक मैरिज होम के निकट जुआरी,जुआ खेल रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने, कस्बा निवासी याकूब, अरशद एवं अब्दुल कादिर को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से हजारों की नगदी व ताश के पत्ते बरामद हुए। दूसरी और पुलिस के द्वारा विशेष अभियान में पुलिस ने वारंटी नई बस्ती निवासी इस्लाम, गढ़ी दौलत निवासी दाऊद व गांव गढ़ी श्याम निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड भारसी मोड़ के निकट थार गाड़ी चालक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया है। रविवार को कैराना निवासी इंतजार एवं उम्रदराज अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बागपत जनपद के कस्बा बडौत जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे थार गाड़ी चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# मरम्मत के दौरान करंट से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फराबाद में रविवार को हाईटेंशन लाइन की मरम्मत के दौरान एक युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान एहसान मलिक उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र नसीर मलिक, निवासी ग्राम नवादा फर्कपुर के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुजफ्फराबाद बिजलीघर के लाइनमैन हुकम सिंह की देखरेख में 11 केवी हाईटेंशन लाइन की मरम्मत का काम चल रहा था। लाइन का शटडाउन दिए जाने के बावजूद अचानक करंट दौड़ गया। खंभे पर चढ़ा एहसान मलिक बुरी तरह झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया गांव नवादा और मुजफ्फराबाद में मातम छा गया। परिजनों का आरोप है कि लाइन का शटडाउन ठीक तरीके से नहीं लिया गया था और सुरक्षा उपकरणों की भी कमी थी।सूचना मिलते ही कार्यवाहक थाना प्रभारी विनय शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया गया तथा पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।



पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घटना से क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। ग्रामीणों में भारी रोष है और विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## बीएलओ बीरपाल ने जमा किए 95 फीसदी फार्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**छुटमलपुर।** सरदाहेड़ी गांव के बीएलओ मास्टर बीरपाल की दिन रात की मेहनत से अब तक 95 प्रतिशत फॉर्म 2003 भरकर जमा हो चुके हैं।

मास्टर बीरपाल खुद हर घर जा रहे हैं लोगों से पूरी जानकारी लेकर फॉर्म भर रहे हैं और तुरंत जमा भी करा रहे हैं। उनकी लगन का नतीजा है कि गांव पूरे क्षेत्र में सबसे आगे चल रहा है बीएलओ मास्टर बीरपाल ने ग्रामीणों से अपील की बचे हुए परिवार जल्द से जल्द फॉर्म जमा करा दें ताकि 2 दिसंबर तक हम 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लें कोई भी मतदाता सूची से न छूटे मैं हर घर तक पहुँच रहा हूँ, बस थोड़ा साथ दें।

ग्रामीणों ने उनकी मेहनत की खुले शब्दों में तारीफ करते हुए कहा कि मास्टर बीरपाल जैसे जिम्मेदार अधिकारी मिल जाएँ तो काम आसान हो जाता है।

# बाजार में महिलाओं से पुलिस का संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो टीम प्रभारी महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर व महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी ने रविवार को कस्बे के संडे मार्केट में विशेष भ्रमण किया भीड़ भाड़ वाले बाजार में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों ने खरीदारी कर रही महिलाओं व लड़कियों से सीधा संवाद किया और सुरक्षा टिप्स दिये।



महिला एसआई मिथिलेश राठौर ने बाजार में घूमते हुए महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अजनबी व्यक्ति से बात करने में सावधानी बरतें देर रात अकेले बाहर न निकलें और किसी भी समस्या पर तुरंत 112 या 1090 पर कॉल करें साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जागरूक किया।महिला कांस्टेबल प्रीति चौधरी ने बालिकाओं को अपने साथ पेपर स्प्रे या कोई सुरक्षा उपकरण रखने की सलाह दी। बाजार में मौजूद दुक. ानदारों से भी छेड़छाड़ या संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी छोटी मोटी समस्याएँ भी बताईं जिनका मौके पर ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया बाजार में पुलिस की महिला टीम को देखकर लोगों ने राहत की सांस ली और इस पहल की सराहना की।एसएचओ विनय शर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत हर रविवार संडे मार्केट में महिला पुलिस की टीम तैनात रहेगी ताकि बहन-बेटियाँ पूरी निश्चिंत होकर खरीदारी कर सकें।

## सड़क हादसे में मौत

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्र के नकुड़ रोड पर जैनपुर मार्ग के पास शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।

चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गांव भैरमऊ निवासी 56 वर्षीय अमरीश कुमार पुत्र बलजोर सिंह बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि अमरीश गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन-फानन में लोगों ने उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सही भरें एसआईआर फार्मः सोनू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए पत्रकार सोनू राणा ने बड़ी मुहिम छेड़ दी है रविवार को वे अपनी टीम के साथ प्राथमिक विद्यालय सरदाहेड़ी पहुँचे और बीएलओ द्वारा बाँटे गए फॉर्म को लोगों से डिटेल लेकर खुद भरवाया तथा सही तरीका भी सिखाया

सोनू राणा ने ग्रामीणों से कहा एसआईआर को लेकर बिल्कुल घबराएँ नहीं फॉर्म बहुत आसान है 1 जनवरी 2003 की मतदाता सूची के आधार पर भरना है नाम उम्र पिता/पति का नाम पता स्पष्ट लिखें फॉर्म भरने के बाद दोबारा जाँच जरूर कर लें संतुष्ट होने के बाद ही बीएलओ को जमा करें और रिसीविंग जरूर लें उन्होंने साफ किया कि अभी किसी भी दस्तावेज की कॉपी जमा करने की जरूरत नहीं है। सिर्फ फॉर्म ही जमा करना है अगर कोई समस्या आए तो बीएलओ या खुद उनसे संपर्क करें।



राव कामिल राणा ने बताया कि यह अभियान 11 दिसंबर तक चलेगा। नए मतदाता (18 साल पूरे होने वाले) स्थानांतरण या सुधार कराने वाले सभी लोग फॉर्म जरूर भरें।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद दिलशाद, बीएलओ मास्टर बीरपाल, राव कामिल राणा, राव शहजाद, राव मुतालिब सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# जोन प्रतियोगिता में जीते 6 पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मेरठ के हस्तिनापुर में आयोजित चार मंडलों की जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय जौला डिंडोली के छात्रों ने 6 पदक जीत कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा 12 के विनीत कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऊंची कूद तथा भाला फेंक में 2 स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किए है। कक्षा 10 के छात्र रजनीश कुमार ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक तथा कक्षा 9 के रितिक कुमार ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। जबकि विद्यालय कबड्डी टीम ने भी रजत पदक जीता है । पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों सहित व्यायाम शिक्षक हरदीप सिंह का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 वीरेंद्र कुमार व विद्यालय परिवार ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना सोनकर ने भी विद्यालय की इस उपलब्धि पर विज. ेता छात्रों सहित विद्यालय परिवार को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है । स्वर्ण पदक विजेता छात्र विनीत कुमार एवं रजनीश कुमार ने राज्य स्तरीय होने वाले खेलों के लिए क्वालीफाई किया है।

# शॉल ओढ़ाकर कार्यकर्ता सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आर्य समाज नंगली मेहनाज एवं जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा तहसील देव. बंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आर्य समाज के कर्मठ महिला पुरुष कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ से हुआ जिसके ब्रह्मा अमरेश आर्य रहे ।सैकड़ों लोगों ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना एवं वातावरण शुद्धि का संदेश दिया । बाद मे महिला पुरुषों एवं बच्चों ने मिलकर पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाली। आर्य समाज के प्रसार प्रचार मे अपनी महती भूमिका निभाने वाले तहसील देवबंद की 9 महिला व 16पुरुष कार्यकर्ताओं को गर्म लोई एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दिल्ली से मधुर प्रकाश, प्रवीण कुमार, हरिद्वार से सरिता, मधुबाला, सुधांशु, जिला प्रधान महिपाल आर्य, तहसील प्रधान मुकेश आर्य, मंत्री डॉ सुरेंद्र आर्य, मा जनेश्वर प्रसाद आर्य, अजबसिंह आर्य, राजवीर आर्य, जनकवीर आर्य, अमरीश आर्य विकास आर्य, चौधरी विपिन आर्य, वैद्य राम कृष्ण, देवव्रत आर्य, पंडित अमरेश आर्य, नरेशना आर्या, सतीश प्रधान, विनोद आर्य, विजयपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# जीप से भिड़ंत में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** थार व बाईक की टक्कर से बाईक सवार की मौत व एक गम्भीर रूप से घायल

**सड़क पार करते समय हुआ हादसा, शव को पीएम के लिये भेजा**

नानौता के गांव देवपुरा मे शादी समारोह मे बाइक पर सवार होकर आये दो बारातीयो की बाइक मे थार (गाडी) ने टक्कर मार दी जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना थानाभवन के गांव ईरशादपुर के विजयपाल पुत्र रतिराम के रूप मे हुई जबकि घायल व्यक्ति थाना बेहट के गांव गन्देवड के रघुवीर पुत्र सुध्घन के रूप मे पहचान हुई है। दिल्ली मार्ग स्थित गांव देवपुरा मे इरशादपुर से बारात आयी हुई थी। मृतक अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर बारात मे शामिल होने आये थे। बाइक सवार जैसे ही देवपुरा गांव मे जाने के लिए सडक पार कर रहे थे तभी सहारनपुर की ओर से आ रही थार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमे दोनो बाइक सवार सडक पर गिर पडे ओर गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायल रघुवीर को गम्भीर चोट आने पर उपचार के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना से शादी का माहौल मातम में बदल गया।

# सेवानिवृत्ति पर होमगार्ड को विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** थाना नानौता में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को पुलिस परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया।



विदाई कार्यक्रम की शुरुआत में थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी ने सेवानिवृत्त होमगार्ड के सेवा-काल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कार्य को अनुशासन और समर्पण को सर्वपरी माना है। थाना प्रभारी नवीन सैनी ने कहा कि होमगार्ड जवानों का योगदान पुलिस व्यवस्था की रीढ़ है और उनके द्वारा निभाई गई सेवाओं का समाज में हमेशा सम्मान रहता है।

समारोह में उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने विशेष रूप से उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत्त होमगार्ड विजय कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और थाना नानौता में बिताया गया समय उनके जीवन की अनमोल यादों में रहेगा।

समारोह में एसआई जितेन्द्र कुमार, जयवीर सिंह, नीलज राणा, होमगार्ड जिशान खान, नरेश राणा, अनुज कुमार, चालक नरेश आदि मौजूद रहे।

# भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है ,भक्त प्रहलाद और ध्रुव ने बालपन में ही भगवान की भक्ति कर उन्हें प्राप्त कर लिया था। श्रीमद्भागवत कथा में भक्त ध्रुव,प्रहलाद प्रसंग,उद्धव विदुर संवाद, सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।



रणदेवी के रामदूत कॉलेज में चल रहे सौ कुंडीय श्री सूर्य पञ्चायतन महायज्ञ,श्रीमद्भागवत कथा एवं कोटी अर्चनात्मक पञ्चदेव महायज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास दंडी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज ने व्यास पीठ से भक्त प्रहलाद ,ध्रुव चरित्र और उद्धव-विधुर प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया, उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे बहुत बड़ा संकट टल गया। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। इसलिए हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि अभी हमारी उम्र भक्ति करने के लिए नहीं है क्योंकि भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती, उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए भक्त ध्रुव और प्रहलाद की कथाएं अवश्य सुननी चाहिए।

कथा से पूर्व आयोजन के मुख्य यजमान ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी मयंक चौधरी मोहित चौधरी मुकुल चौधरी हर्ष चौधरी ने श्रीमद्भागवत जी का पूजन एवं आरती कर व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। प्रतिदिन की भांति यज्ञशाला में दोनों सत्रों में यज्ञ किया गया, आयोजन के अंतिम सोपान में काशी जी की भव्य आरती की गई जिसकी शोभा देखते ही बनती थी आरती में बड़ी संख्या महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर हरी कॉलेज के संस्थापक चौधरी हरपाल सिंह बॉलिस्टर चौधरी मनोज गोयल विजय त्यागी संदीप खारी सुभाष सिंह राजीव गुप्ता सचिन गुप्ता अमित शर्मा राजेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से जला गरीब का आसियाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ब्लॉक के गांव ढलावली निवासी गोविंद पुत्र बीरम सिंह का 31 अक्टूबर रात में घर में आग लग गई थी जिससे घर में रखा सामान बेड सोफे ड्रेसिंग फ्रिज चारपाई रजाई गद्दे आदि हजारों रूपये का सामान व अटैची में रखे तीस हजार रुपए भी जलकर राख हो गया। गोविंद के दो बच्चे है एक अभी जो दूसरी क्लास सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता है एक बेटी है जिसका नाम आन वी 5 साल की है। पीड़ित परिवार मजदूरी करके अपने बच्चों का भरण पोषण करता है।



पीड़ित गोविंद ने तहसील दिवस में तहरीर देकर प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग की थी लेकिन ग्राम सचिव ने रिपोर्ट पक्के मकान में रहने की लगाकर जिम्मेदारी से अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि रिपोर्ट में साफ लिखा है कि शिकायत करता संतुष्ट नहीं है।

पीड़ित परिवार गरीब मजदूर युवक है जो सर पर साया ढूंढने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है लेकिन अधिकारी घुमा रहे हैं। अब गरीब मजदूर परिवार जाए तो कहां जाए।

**सूचना**

भावना कालडा ( Bhawna Kalra) W/o Rakesh Kumar Kalra निवासी मकान नम्बर 8/1180 कृष्णानगर निकट चिलकाना चुंगी सहारनपुर ने अपना नाम देवलता पुत्री राजेन्द्र खेडा से बदलकर भावना कालडा, जन्मतिथि 05.06.1973 रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मेरी पुत्री मानवी नागपाल के हाईस्कूल के अंक पत्र में मेरा नाम CHANDERSHEKHAR NAGPAL दर्ज है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम CHANDERSHAKHER NAGPAL है। मुझे इसी नाम से पुकारा व जाना जाता है।

**चन्द्र शेखर नागपाल पुत्र श्री फतेह चन्द नागपाल निवासी शिव मन्दिर के पास नवीन नगर, सहारनपुर।**

# पैदल गशत कर सुरक्षा का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार ने पुलिस टीम सहित पैदल गस्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरे लगाने की हिदायत की।



थाना प्रभारी विनोद कुमार थाना क्षेत्र के ग्राम पटनी में पहुंचे, इस दौरान उन्होंने अपनी पुलिस टीम सहित गांव के मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर पैदल गस्त किया। पुलिस टीम द्वारा पटनी में ही चिल. काना सहारनपुर रोड पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की तलाशी ली गई तथा पत्राचार चौक किये गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाये जाने के दृष्टिगत चौकिंग व गस्त किया जा रहा है। उन्होंने सभी दुक. ानदारों को अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की हिदायत भी की। टीम में एसआई अंकित कुमार, नरेंद्र सोलंकी, हैड कांस्टेबल अरविंद कुमार, कुलदीप, अरुण तोमर, कांस्टेबल अनुज राणा, अमित तोमर व सौरव पंवार शामिल रहे।

# नाबालिग किशोरी की संदिग्ध हालतं में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पंचायत फिरोजाबाद के पीरमाजरा में एक नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

**बिना पुलिस को सूचना दिये परिजनों ने किया सुपुर्द ए खाक**

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार व रविवार की मध्य रात्रि गांव पीरमाजरा में सोलह वर्षीय नाबा. लिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूत्रों में मिली जानकारी के मुताबिक उक्त किशोरी काफी समय से बीमार चल रही थी, जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने रविवार की सुबह बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस को परिजनों ने बीमारी के चलते किशोरी की मौत होने का हवाला देते हुए किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि किशोरी द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर गई थी लेकिन परिजनों द्वारा काफी समय से बीमारी होने के कारण किशोरी की मौत होना बताया गया तथा किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिया गया।

# प्रदेश महामंत्री प्रवीण का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी के सभागर कक्ष में जनपद के समस्त एआरपी द्वारा एआरपी संगठन के प्रदेश महामंत्री तथा जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

एआरपी द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी को फूलमाला पहनाकर तथा बुकें भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान सभी एआरपी ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत हर्ष की बात है कि हमारे साथ प्रवीण चौधरी के रूप में एक कर्तव्य निष्ठ, मृदुभाषी एवं मजबूत नेतृत्व कार्य करता हैं।

इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी सभी एआरपी को आश्वासन दिया कि वह सभी साथियों की प्रत्येक समस्या के निवारण के लिए जिल ास्तर एवं प्रदेश स्तर पर सदैव प्रयासरत रहेंगे और संघर्ष करते रहेंगे।

# किसानों को फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाए: वीएम सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गन्ना मूल्य सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की आयोजित महापंचायत में कसानो की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराये जाने की मांग की।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने आयोजित महापंचायत में एमएसपी पर खरीद की गारंटी, तत्काल भुगतान और गन्ने का भाव पांच सौ रुपये क्विंटल करने की मांग उठाते हुए कहा कि अगर भुगतान में देरी होती है तो 15 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है, जिसके चलते आज तक किसानों को उनकी फसलों का वाजिब मूल्य नहीं दिया गया। उन्होंने किसानों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इसके साथ ही पंचायत में किसानों ने सरकार से राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर होने वाले उत्पीड़न और भ्रष्टाचार से मुक्ति



■ किसानो ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह का जोरदार स्वागत

दिलाए जाने, सामाजिक सुरक्षा प्रदान कराने, आवारा पशुओं से निजात दिलाने, प्रत्येक गांव में योग्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही उन्होंने गेहूं, धान और गन्ने का भुगतान समय से पहले कराए जाने की मांग की। धर्मपाल सिंह, जिलाध्यक्ष नवाब सिंह प्रधान व पूर्व जिलाध्यक्ष सुखबीर सिंह, मंडल अध्यक्ष नवीन त्यागी आदि ने भी विचार रखे।

इस मौके पर अरुण, संदीप चौधरी, प्रताप सिंह, डॉ. पायल सिंह सैनी, चौधरी मांगेराम पंवार, निरंजन सिंह, चौधरी वीरपाल, तरुण चौधरी, चौधरी चरण सिंह, रणवीर सिंह, अजीज राणा आदि किसान शामिल रहे।

## आधार कार्ड में त्रुटि ठीक कराने में हो रही असुविधा

**देवबन्द।** अभिभावक संघ के अध्यक्ष आरिफ अंसारी ने जारी अपने बयान में कहा कि यदि आधार कार्ड में कोई त्रुटि ठीक करानी होती है तो लोगों को आधार सेंटरों के चक्कर काटने पड़ते है और लंबी लंबी लाइनों में लगना पड़ता है। इतना ही नहीं कई बार त्रुटि को दुरुस्त कराने के लिए अपनाई गई लंबी प्रक्रिया के बाद भी तकनीकी कारणों के कारण पूरी प्रक्रिया निरस्त हो जाती है। जिसके चलते लोगों के सामने समस्या आ खड़ी होती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आधार कार्ड की त्रुटि को दुरुस्त कराने के लिए प्रयोग की जाने वाली प्रक्रिया को सरल किया जाए, ताकि लोगों का समय और धन की बर्बादी बच सके।

## असंतुलित बाइक सवार की ओवरब्रिज से गिरकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव मीरपुर मोहनपुर स्थित रेलवे ओव. रब्रिज पर असंतुलित होकर एक बाइक सवार के गिरने से उसकी मौत हो गई। परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई करे बगैर शव को अपने साथ ले गए।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव मीरपुर मोहनपुर निवासी शुभम 26 पुत्र भंवर सिंह रविवार शाम करीब सात बजे अपने बच्चों को बाइक से नागल छोड़कर वापस अपने गांव जा रहा था। बताया जाता है कि वापसी में असंतुलित होकर वह बाइक सहित सड़क पर जा गिरा जिससे उसके सिर में अंदरूनी चोट आई। वहां से गुजर रहे राहगीर इकट्ठा हो गए और उन्होंने डायल 108 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस उठाकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाई जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन व पुलिस भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पंहुचे। इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि परिजनों ने लिखकर दिया है कि वे कोई कानूनी कार्रवाई व पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते है और शव को अपने साथ ले गए। बताया जाता है कि मृतक शुभम नागल में एक गारमेंट्स की दुकान पर काम करता था। मृतक अपने पीछे एक चार साल लडकी छोड़ गया है।

# मौलाना महमूद मदनी के भोपाल में दिए गए बयान पर गरमाई राजनिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मौलाना महमूद मदनी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में देश के वर्तमान हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को अल्पसंख्यक विरोधी बताया साथ ही उन्होंने न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए। मदनी के इस बयान ने राजनीति को गरमा दिया है। जिसके बाद भाजपाई व हिंदू संगठन मदनी पर हमलावर हैं वहीं जमीयत से जुड़े उलेमा उनके बयान को सही ठहरा रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार में लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने मदनी के बयान को देश विरोधी बताते हुए कहा कि जो लोग यह दावा करते हैं कि हमारे पूर्वजों ने देश को आजाद कराने में योगदान दिया है वही देश विरोधी बयान दे रहे हैं। कहा कि मदनी का बयान सरासर गलत और देश को तोड़ने वाला है। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी प्रकार का जिहाद व जिहादी मानसिकता को पनपने नहीं दिया जाएगा। राष्ट्र प्रथम है और राष्ट्र को प्रथम रखकर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काम कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय ध्यान गुरु स्वामी दीपांकर महाराज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मदनी का बयान गैर जिम्मेदाराना है, इस बयान से बचा जा सकता था। कहा कि अगर महत्वपूर्ण मजहबी रहनुमा होने के बावजूद भी ऐसा बयान दिया जाएगा तो उनके चाहने वालों पर इसका बेहद बुरा असर पड़ेगा। स्वामी दीपांकर ने कहा कि जब न्यायपालिका उनके हक की



बात कहती है तो यह कहते हैं कि हमारी सारी उम्मीदें न्यायपालिका से हैं और अगर एक निर्णय उनके विरोध में सुना दे तो उसी न्यायपालिका को श्रेष्ठ मानने से इंकार कर दिया जाए, यह कैसे चल सकता है। कहा कि सरकार से कोई शिकायत है तो की जा सकती है लेकिन न्यायपालिका को



गलत बताना और जिहाद को सही ठहराना किसी सूरत में सही नहीं हो सकता है। बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जमीयत अध्यक्ष महमूद मदनी देश में दंगा भडकाना चाहते हैं। उनके बयान से यह लग रहा है कि उनकी आस्था न



तो देश में है और न ही संविधान में। देश संविधान से चलेगा न कि कुरआन से जो मदनी चाहते हैं। कहा कि सुप्रीम कोर्ट भारतीय संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों और कानून की रक्षा करती है, मदनी का बयान संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर का भी अपमान है। सुप्रीम



कोर्ट को मदनी के देश विरोधी बयान का स्वत: संज्ञान लेना चाहिए और भारत सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। जमीयत उलेमा ए हिंद के प्रदेश सचिव जहीन अहमद ने मौलाना महमूद मदनी के बयान को सही और देश के वर्तमान हालात पर आधारित बताते हुए कहा



कि उनके बयान को गलत नजरिये से देखना नहीं चाहिए। बल्कि यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि जो शख्स यह कहता हो कि हिंदुस्तानी मुसलमानों के लिए भारत सबसे बेहतर स्थान है, उसने सरकार को कटघरे में क्यों खड़ा किया है। कहा कि सरकार को देश के वर्तमान हालात का जायजा लेते हुए उन कमियों को दूर करना चाहिए जिनकी वजह से देश की दूसरी सबसे बड़ी आबादी उनसे दूर है। इस्लामिक एकेडमी देवबंद के डायरेक्टर मौलाना मेहदी हसन ऐनी ने जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह बड़े मजहबी रहनुमा हैं। उनके बयान पर राजनीति नहीं बल्कि चिंतन होना चाहिए। कहा कि मौलाना मदनी के बयान को मीडिया तोड़ मोड़ कर चला रही है, उन्हें गलत साबित करने की कोशिशें हो रही हैं। कहा कि जमीयत उलेमा ए हिंद ने देश की आजादी में बढ़चढ़ कर भाग लिया बल्कि नेतृत्व किया इसलिए उनके बयान का गलत मतलब निकालने के बजाए उनके कहे हुए लफ्जों पर विचार विमर्श होना चाहिए।

## मुखबिरी के शक में ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत में स्मैक तस्कर ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मुखबिरी करने के शक में पड़ोसी व्यक्ति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

सूत्रों की माने तो नगर एवं क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्कर पूर्ण रूप से सक्रिय हैं और खुलेआम स्मैक, गांजा, सुल्फा, शराब सहित आदि मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। ताजा उदाहरण थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में देखने को मिला। लगभग एक माह पूर्व कैराना पुलिस ने गढ़ी दौलत निवासी स्मैक तस्कर इमरान को लाखों की स्मैक सहित गिरफ्तार किया था।और अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी तस्कर फिर से अपने कारोबार में लगा हुआ है।स्मैक तस्कर इमरान का शक है कि उसके पड़ोसी मेहरबान पुत्र लियाकत ने पुलिस से उसकी मुखबिरी की थी। मुखबिरी के शक में आरोपी ने शनिवार की देर शाम अपने दो अन्य भाइयों के साथ मिलकर घर पर बैठे पीड़ित व्यक्ति मेहरबान पर लाठी डंडे पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला बोल दिया। शौर शराबा होने पर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में पीड़ित व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। घायल के भाई कुर्बान ने थाने पर पहुंचकर आरा. पी मादक पदार्थ तस्कर सहित उसके अन्य दो भाइयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## अबेकस चैंपियनशिप में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जनपद स्तरीय अबेकस चैंपियनशिप का दून हिल्स एकेडमी में ब्रेन बूस्टेबल संस्था के सहयोग से आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने भाग लेते हुए मान. सिक गणना, त्वरित उत्तर क्षमता, एकाग्रता और तार्किक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

दून हिल्स एकेडमी प्रागण में जूनियर वर्ग में अल्पाइन विद्यापीठ के शिवांग प्रताप प्रथम, ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल के मोहम्मद उमर द्वितीय व ज्ञानकलश इंटरनेशनल स्कूल के आयुष्मान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीन से चार में रूपराम इंटरनेशनल एकेडमी के अभिनव सिंह ने प्रथम, दून हिल्स एकेडमी के आयुष ने द्वितीय और सेठ आनंद. राम जयपुरिया स्कूल के अथर्व सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग कक्षा पांच से छह में बाबा घुमरा देव सरस्वती इंटर कालेज की दिव्यांशी मान्फोर्ट स्कूल की आन्वी पाटिल और वेदांता स्कूल के निकुंज पाठी क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को चौंपियनशिप



कप, प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लोजपा (रामविलास) के युवा राष्ट्रीय महासचिव राघव दास अग्रवाल और सेठ कुलदीप कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा, डायरेक्टर तनुराज वर्मा व प्रधानाचार्य डा. अंजली वर्मा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 490 बच्चों ने प्रतिभाग किया है।

## जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति ने एसआईआर फॉर्म भरवाने के लिए चलाया अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विषेश गहन पुनिरीक्षण (एसआईआर) जागरूक अभियान चलाने के साथ ही मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरवाए गए।

सामाजिक संस्था जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति द्वारा एसआईआर जागरूक अभियान के तहत घर घर जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहें विषेश गहन पुनिरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म वक्फ दारुल उलूम रोड ईदगाह रोड आदि स्थानों पर फार्म भरवाये गए जिसमें तहस. ीलदार साहब ने संस्था के सचिव कारी आमिर उस्मानी एवं मैनेजमेंट डारेक्टर मुकीम अब्बासी के इस सराहनीय कार्य की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए कहा की यह समाज की



सेवा करने और लोगों को ज्यादा से ज्यादा एसआईआर फॉर्म भरकर जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए जागरूक अभियान की अधिक आवश्यकता है इस अवसर पर वार्ड सभासद डॉ असलम, रविकांत शर्मा, मो. शेराफगान, प्रकाश, आरिफ, नगर पालिका सुपरवाइजर सदाकत, जावेद, कासमी, अहमद हासमी आदि लोग शाामिल रहें।

## बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं उपभोक्ता: रविंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए शुरु की गई प्रदेश सरकार की बिजली बिल राहत योजना-2025 आज से लागू हो गई। अधिक से अधिक उपभोक्ता योजना का लाभ ले सकें इसके लिए विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू ने स्थानीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए।

लोकनिर्माण विभाग अतिथिगृह में आयोजित बैठक में अधीक्षण अभियंता रविंद्र बाबू ने स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली बिल राहत योजना सरकार की महत्वाकांशी योजना है, उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने में किसी तरह की परेशानी न हों इसके लिए व्यवस्था की जाए। साथ ही यह



सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इससे लाभांवित हो सकें। उन्होंने बताया कि योजना में बकायेदारों का शत प्रतिशत ब्याज माफ होगा और मूलधन में 25 फीसदी की छूट मिलेगी। इसलिए पात्र उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराकर बकाया जमा कराएं। इस मौके पर अधिशासी अभियंता मृत्यंजय शाही, उपखंड अधिकारी तल्हेड़ी बुजुर्ग संतोष कुमार, अवर अभियंता बबलू कुमार, टीजीटू मोहम्मद जीशान आदि अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## चालान का उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में यातायात जागरूकता माह के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने कहा कि यातायात माह में काटे गए चलान का उददेश्य नागरिकों को परेशान करना नही बल्कि उनको सुरक्षा के प्रति जागरूक करना होता है। इस दौरान उन्होने पूरे माह जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग देने वाले, सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों, छात्र-छात्राऐं, समा. जसेवियों को सम्मानित भी किया है।

रविवार को शहर के दिल्ली रोड स्थित बारातघर में आयोजित यातायात माह जागरूकता समापन कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी एनपी सिंह, सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया, सीओ कैराना हेमंत कुमार, सीओ अपराध अमरदीप मौर्य, व्यापारी नेता अंकित गोंयल, घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान यातायात माह में किए गए सराहनीय कार्य का विवरण सीओ सिटी अपेक्षा निम्बाडिया ने प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि जनपद में कुल 75 स्कूलों व 11200 बच्चों, 12 स्वयंसेवी संस्थाओं व 1150 रिक्शा- टैम्पो, कामर्शियल वाहन चालको तथा 2150 पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह के दौरान कुल 17,167 चालान किए गए जिसमें हेलमेट धारण न करने वालो के विरूद्ध कुल 7452 चालान किए गए किए तथा समस्त चालानों में 7 लाख 78,800 रूपये का शमन शुल्क वसूला गया। एसपी एनपी सिंह ने कहा कि यातायात माह में चालान करने का उददेश्य लोगों को जागरूक करना रहता है न कि उनको परेशान करना। उन्होने कहा कि यातायात के नियमों के पालन करने से निश्चित ही सडक दुर्घटनाओं में कमी आती है। लापरवाही वाहन चालक की जान को जोखिम में डाल सकती है। इस दौरान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज और सत्यनारायण इंटर कालेज के छात्र-छात्रओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक लाल विराट भारद्वाज, शामली कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा, आईआईए के अध्यक्ष विशाल गुप्ता, चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कैंप में अनुभवी चिकित्सकों ने दिया परामर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा पार्क हॉस्पिटल पानीपत के सहयोग से तालाब रोड स्थित जैन धर्मशाला में शिाल मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में हॉस्पिटल से पहुंचे अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया।

कैंप का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष संजय संगल पार्क हॉस्पिटल, पानीपत के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ब्रिगेडियर यशपाल सिंह ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। मुख्य अतिथि अरविंद संगल ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने का प्रभावी



माध्यम हैं। मेगा मेडिकल कैंप का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाऐ समाज के प्रत्एक वर्ग तक पहुंचाना है। शिविर में पार्क हॉस्पिटल की अनुभवी चिकित्सक डॉ। सचिन अबरोल यूरोलॉजिस्ट, डॉ। समीप एच। कोसती न्यूरोसर्जन, डॉ। नवदीप दहिया मेडिसिन फिजिशियन, डॉ। चंदर मोहन मित्तल कार्डियोवस्कुलर सर्जन, डॉ। मीनल वशिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट तथा डॉ। अजय वर्मा डेंटिस्ट ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में निशुल्क बीपी, शुगर, ईसीजी, स्पायरोमीटर, न्यूरोपैथी एवं नेत्र जांच की सुविधाऐं उपलब्ध कराई गई। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। चिकित्सकों और स्टाफ को उत्कृष्ट सेवा के लिए मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर डा। अर्जुन वर्मा, अध्यक्ष गौरव मित्तल, तरुण जैन, विनीत गोयल, अभिलाष गुप्ता, अमित श्याम, अमित वर्मा, अरुण गर्ग, आशु गर्ग, आयुष्मान सिंघल, बबलू चौहान, भारत संगल, गौरव कालरा, मोहित वर्मा, डॉ। नीरज वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## बेची गई जमीन का बकाया लोन जमा न करने से खरीदार की नहीं हो रही दाखिल खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर निवासी जालेंद्र पुत्र भगरू ने थाना भवन पुलिस को तहरीर देकर गांव मसावी निवासी कृष्ण कुमार पुत्र प्रकाश के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। जालेंद्र ने बताया कि वह कई वर्ष पूर्व कृष्ण कुमार से ढाई बीघा जमीन खरीद चुका है। बैनामा भी उसके नाम दर्ज है। इसके बावजूद भी आरोपित कृष्ण कुमार ने उसी जमीन पर दो अलग-अलग बैंकों से 80,000 रूपए तथा 43,000 रूपए का लोन ले रखा है। जालेंद्र का कहना है कि जमीन पर बकाया लोन खत्म कराने के लिए उसने दो लोगों की मौजूदगी में 1,00,000 रूपए नगद भी कृष्ण कुमार को दिए थे, ताकि वह बैंक में पैसा जमा कर लोन क्लियर करा सके। लेकिन कई बार कहने के बाद भी आरोपित ने बैंक में पैसा जमा नहीं किया, जिससे दाखिल-खारिज की प्रक्रिया अटक गई है। पीड़ित के अनुसार, जब भी वह बैंक लोन जमा कराने के लिए कहता है, तो कृष्ण कुमार उल्टा उसे धमकाता है कि जमीन खाली कर दो नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जालेंद्र ने आरोप लगाते हुए पुलिस से मांग की है कि आरोपित कृष्ण कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उसे न्याय दिलाया जाए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर।**

**-: सार्वजनिक नीलामी सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रिजर्व पुलिस लाईन सहारनपुर में दिनांक: 03/12/2025 को प्रात: 10:00 बजे निष्प्रयोज्य राजकीय सम्पत्ति एवं इलैक्ट्रिक व इलेक्ट्रोनिक्स सम्पत्ति की नीलामी है। अत: सार्वजनिक नीलामी हेतु इच्छुक बोली दाता समय से उपस्थित होकर प्रतिभाग करें।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद सहारनपुर।**

**सम्बंध विच्छेद**

मेरी पुत्री क्षमा मेरे कहने सुनने में नहीं हैं उसका मेरे व मेरे परिवार के साथ गलत आचरण व व्यवहार करने के साथ ही अपनी मर्जी से कई कई दिन घर से गायब रहती है। जिससे दुखी होकर मैंने उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में वह अपने किसी भी कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी।

जोगिन्द्र पुत्र पाल्ला
निवासी ग्राम तल्हेडी खुर्द
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर



# भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया

## पहला वनडे: कोहली का शतक, कुलदीप ने 4, हर्षित ने 3 विकेट लिए

**रांची।** भारत ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रांची के जेएससीए स्टेडियम में रविवार को साउथ अफ्रीका ने बालिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 349 रन बना दिए। जवाब में मेहमान टीम ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी। भारत से कोहली ने 135, रोहित शर्मा ने 57 और कप्तान केएल राहुल ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। हर्षित राणा ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कार्बिन बाश और ओटनिल बार्टमैन को 2-2 विकेट मिले। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 11 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिर पारी संभाल ली। उन्हें मार्को यानसन का साथ मिला, लेकिन दोनों एक ही ओवर में आउट हो गए। आखिर में कार्बिन बाश ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन उनकी पारी काम न आई। सीरीज का दूसरा वनडे 3 दिसम्बर को रायपुर में खेला जाएगा। इससे पूर्व विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुक. ाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

विराट ने 120 गेंदों पर 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली जो उनका 52वां एकदिवसीय शतक था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 51 गेंदों पर 57 रन में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर वनडे में नए सिक्सर किंग बन गए। कार्यवाहक कप्तान राहुल ने 56 गें. दों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत को चौथे ओवर में यशस्वी जायसवाल (18) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट को. हली ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया। इस दौरान 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाकर अर्द्धशतक पूरा किया। कॉर्बिन बॉश की अगली गेंद पर उन्होंने एक और छक्का जड़ दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। रोहित अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 22वें ओवर में टीम के 161 के स्कोर पर आउट हुए।

# रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा छक्के मारने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**रांची, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीन छक्के लगाकर वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित शर्मा ने अब 277 वनडे मैचों में 352 छक्के जड़कर छक्का लगाने का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम यह रिकॉर्ड था जिन्होंने 398 एक दिवसीय मैच खेलकर 351 छक्के मारे थे। वर्तमान में रोहित के नाम 503 मैचों में कुल 19,959 रन हैं और अब वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन से केवल 61 रन दूर हैं। इससे पहले केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ही 20 हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब रोहित ने 56 मैचों में 61 छक्के जड़े हैं, जबकि दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है जिन्होंने 64 छक्के मारे हैं। अगर रोहित अगले मैच में चार छक्के जड़ते हैं, तो वे इस मामले में भी नंबर एक स्थान प्राप्त कर लेंगे। रोहित ने घरेलू मैदानों पर अब तक 95 वनडे मैचों में 4924 रन बनाए हैं। अगर वे अगले वन डे मैच में 76 रन बनाते हैं घरेलू मैदानों पर वनडे मैचों में 5 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर



है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे में खेलते है। उनके नाम तीनों प्रारुपों में कुल 645 छक्कों का विश्व रिकार्ड है। उन्होंने 67 टेस्ट में 88 छक्के, 277 वनडे में 352 छक्के और 159 टी-20 में 205 छक्के मारे है। रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 51 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेलकर खेल प्रेमियों का दिल जीता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 33 प्लस नौजवानों ने 50 प्लस की पारियां खेलीं

**रांची, वार्ता।** वनडे इतिहास में यह सिर्फ नौवीं बार है, जब किसी पुरूष वनडे में तीन 33 प्लस उम्र के बल्लेबाजों ने 50 प्लस की पारियां खेली हैं- रोी. हत शर्मा (38), विराट कोहली (37) और केएल राहुल (33)। विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए ऐसा सिर्फ एक बार और हुआ है, जब 2007 के वड़ोदरा वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ सौरव गांगुली (34), राहुल द्रविड़ (34) और सचिन तेंदुल. कर (33) ने 50 प्लस की पारियां खेली थीं।

### ओमान पर जीत के साथ भारत क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाने के और करीब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने शनिवार को चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4‘, 33‘, 40‘), मनमीत सिंह (17‘, 26‘, 36‘) और दिलराज सिंह (29‘, 32‘, 58‘) ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34‘, 47‘), गुरजोत सिंह (39‘, 45‘) और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43‘, 50‘) ने दो-दो गोल किए। अनमोल (29‘) और शारदा (55‘) ने बाकी दो गोल किए।

# केकेआर के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने आंद्रे रसेल को शुभकामनाएं दीं

**● रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया**

**कोलकाता, वार्ता।** कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने रविवार को वेस्ट इंडीज के महान खिलाड़ी और टी-20 के बड़े खिलाड़ी आंद्रे रसेल को आईपीएल से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं दीं।

रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया। बॉलीवुड स्टार ने रसेल के आईपीएल से रिटायरमेंट पर कहा कि शानदार यादों के लिए धन्यवाद, आंद्रे। हमारे यो(।!!! केकेराइडर्स में आपका योगदान यादगार है। और एक खिलाड़ी के तौर पर आपके शानदार सफर का एक और चैप्टर शुरू हो रहा है। शाहरुख खान ने कहा कि पावर कोच हमारे बैंगनी और सुनहरे रंग के लड़कों को ज्ञान, ताकत और बेशक ताकत देते हुए और हां, कोई भी दूसरी जर्सी तुम पर अजीब लगेगी मेरे दोस्त ज़िंदगी भर मसल रसेल! लव यू टीम और खेल से प्यार करने वाले सभी लोगों की तरफ से!!ष सैंतीस साल के आंद्रे रसेल ने रविवार को कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग से रिटायरमेंट की घोषणा करके सभी को चौंका दिया।

हेलो केकेआर फैंस। मैं आज यहां आपको यह बताने आया हूं कि मैंने आईपीएल से रिटायर होने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की अलग-अलग लीगों और बाकी सभी केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए एक्टिव रहूंगा।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल करियर को अलविदा कहा



**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक हैरान करने वाले फैसले में, आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। 37 साल के वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर, जिन्हें हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया था, ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ साइन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2026 सीजन के लिए केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में उनके पावर कोचष के तौर पर शामिल होंगे। एक रिलीज में रसेल के हवाले से कहा गया कि मेरे पास (आईपीएल में) कुछ शानदार समय और शानदार यादें थीं, छक्के मारना, गेम जीतना, एमवीपी हासिल करना। जब मैंने यह फैसला किया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं गायब नहीं होना चाहता, मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं। जब फैन पूछें कि क्यों? तुममें अभी भी कुछ और बाकी है, तब रिटायर होना सबसे अच्छा है। हां, तुम्हें यह सालों पहले कर लेना चाहिए था के बजाय तुम अभी भी थोड़ा और खेल सकते थे। लीग में रसेल की साख जबरदस्त है। 12 सीजन के आईपीएल करियर में, उन्होंने 140 मैच खेले, जिसमें 174.18 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 9.51 की इकॉनमी से 123 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा। रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया, जिसके बाद 2014 की नीलामी में केकेआर ने उन्हें साइन किया। उन्होंने अपने 133 आईपीएल मैच पर्पल और गोल्ड रंग में खेले, और इस दौरान दो टाइटल (2014 और 2024) जीते। उन्होंने इस दौरान दो बार, 2015 और 2019 में आईपीएल एमवीपी अवॉर्ड जीता। उनकी ज़बरदस्त लोअर-ऑर्डर हिटिंग ने उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे खतरनाक फिनिशर में से एक बना दिया। अपने रिटायरमेंट के समय, उनके पास 223 आईपीएल मैच थे। छक्कों की वजह से वह ऑल-टाइम लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं, उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल, रोी. हत शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर हैं। हालांकि, हाल के सीजन में इसमें काफी गिरावट देखी गई। आईपीएल 2025 में, उन्होंने बल्ले से सिर्फ 167 रन बनाए और 11.94 की इकॉनमी से आठ विकेट लिए, जिससे उनकी फिटनेस और फॉर्म पर सवाल उठे। इस गिरावट ने शायद केकेआर को उन्हें रिलीज करने के फैसले पर असर डाला, जिससे आने वाली नीलामी के लिए 12 करोड़ रुपये बच गए। रसेल ने कहा कि जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग जर्सी (दूसरी टीमों की) में फोटोशॉप्ड देखते रहते हैं। मुझे खुद को पर्पल और गोल्ड के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगा और ए ख्याल मेरे दिमाग में आते रहे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।

# अफरीदी को पछाड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित

**रांची, वार्ता।** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किग' बन गए है। यहां रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी 57 रनों की पारी में तीसरा छक्का मारते ही अफरीदी का वनडे में 351 छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रो. हित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा।

# चयनकर्ता प्रमुख अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात

**● अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों पर अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवम्बर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है।

सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सर्किट से ज्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आला. ेचना की जाती है, नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।

अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है। यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवम्बर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं। टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है।

### अलेंदे ने इंटर मियामी को एमएलएस कप के फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्ट्राइकर तादेओ अलेंदे की हैट्रिक की मदद से इंटर मियामी शनिवार को न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराकर अपने पहले एमएलएस कप फाइनल में पहुंच गया। अलेंदे ने गोलकीपर मैट फ्रीज़ को उनके नजदीकी पोस्ट पर छकाते हुए दाहिने पैर से एक दमदार ड्राइव मारकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में अपनी टीम को आगे कर दिया।

अलेंदे ने नौ मिनट बाद फिर से गोल किया, जोर्डी अल्बा के तिरछे क्रॉस के बाद एक लूपिंग हेडर को दूर कोने में भेजा। विज़िटर्स ने जस्टिन हाक के ज़रिए एक गोल वापस किया, जिन्होंने मैक्सी मोरालेज के क्रॉस पर रोक्को रियोस नोवो के पास एक बुलेट हेडर से गोल किया।

# रूट का बल्ले से मजबूत जवाब देने का वादा



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाज जो रूट ने एशेज की खराब शुरुआत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में सफल होने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पर्थ ओपनर में 0 और 8 रन बनाने के बाद भी, इस दौरे पर उन्हें एक बिल्कुल अलग खिलाड़ी जैसा महसूस हो रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में रूट का रिकॉर्ड उनके शानदार टेस्ट करियर पर एक दाग है और ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं। वह इस फॉर्मेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (13,551) हैं, जो सिर्फ भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुल. कर (15,921) से पीछे हैं। रूट, जो अब टेस्ट क्रिकेट में 13,551 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया में 15 टेस्ट मैचों में उनका औसत 33.33 है, जो उनके कुल टेस्ट औसत 50.94 से काफी कम है। पर्थ में दो दिन के अंदर इंग्लैंड को भारी हार मिली, जिससे टॉप ऑर्डर की ऑस्ट्रेलियाई हालात का सामना करने की काबिलियत को लेकर नई चिताएं पैदा हो गईं। रविवार को यहां रिपोर्टर्स से बात करते हुए, रूट ने कहा कि दूसरी इनिंग्स में अपने अप्रोच से वह उत्साहित थे, भले ही मिचेल स्टार्क की गेंद पर एक बड़ा कवर ड्राइव लगाने की कोशिश में वह गिर गए थे। रूट ने कहा कि उन्हें लगा कि दूसरी इनिंग्स में उनका टेम्पो बहुत अच्छा था।

# इशान का नाबाद शतक, झारखंड ने त्रिपुरा को हराया



**अहमदाबाद, वार्ता।** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17.3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था। उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली। विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाए। त्रिपुरा के लिए विकी साहा, सौरभ दास ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विजय शंकर ने 41 गेंदों में (59), बिक्रमकुमार दास 29 गेंदों में (42) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 21 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया। त्रिपुरा के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। झारखंड के लिए विकास सिंह और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए। सौरभ शेखर, उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। टूर्नामेंट के अन्य मैचों में गुजरात ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच सौरव चौहान ने 52 गेंदों में नाबाद 81 रनों की पारी खेली। विशाल जायसवाल ने 19 गेंदों मे 23 रन बनाए। गुजरात ने छह विकेट पर 143 रन बना कर यह मुकाबला जीता। हरियाणा के लिए अंशुल कम्बोज और सुमित कुमार ने दो-दो विकेट लिए। अमित राणा और अनुज ठकराल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। हरियाणा के लिए यशवर्धन दलाल ने सर्वाधिक (51), सामंत जाखड़ (28) और निशांत सिधु ने 19 रनों का योगदान दिया। गुजरात के लिए अरजान नागवासवाला और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। हेमांग पटेल को दो विकेट मिले। विशाल जायसवाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। रेलवे ने कप्तान कर्ण शर्मा (दो विकेट / नाबाद 24 रन) के मैन ऑफ द मैच के शानदार प्रदर्शन के दम पर असम को दो गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराया।

# 32 गेंदों में शतक, अभिषेक का तबाड़तोड़ शतक

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक शर्मा (148/ एक विकेट) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद हरप्रीत बरार (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 112 रनों से करारी शिकस्त दी। अभिषेक शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोघ विस्फोटक पारी खेली जिसकी बदौलत पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 311 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 66 गेंदों में (नाबाद 130) रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर ही बना सकी और उसे 112 रनों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अभिमन्यु ईश्वरन का बंगाल के लिए यह सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है उन्होंने रि( मान साहा (129 रनों) के रिकार्ड को तोड़ा। इसके अलावा उन्होंने एक मैच में बंगाल के लिए सर्वाधिक आठ छक्के लगाने का भी रिकार्ड कायम किया। आकाश दीप ने सात गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए 31 रन बनाए। बंगाल के शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 23 रन देकर चार विकेट लिए। गुरनूर बरार और नेहाल वढेरा को दो-दो विकेट मिले। अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब के लिए अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन



करते हुए मात्र 12-3 ओवर में रिकार्ड 205 रन ठोक डाले। यह टी-20 में पंजाब के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। प्रदीप्त प्रमाणिक ने प्रभसिमरन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रभसिमरन ने 35 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए 70 रन बनाए। अनमोलप्रीत सिंह छह गेंदों में (11), रमनदीप सिंह 15 गेंदों में (39), सनवीर सिंह नौ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है और उन्होंने शुभमन गिल के 126 रनों के रिकार्ड को तोड़ा है।

# एक माह के अभियान में वसूला 3.73 करोड़ जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आषीश तिवारी के निर्देशन में 1 से 30 नवंबर तक संचालित यातायात माह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं भाषण के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेश दिया गया।

जनमंच सभागार में आयोजित अभियान के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त शीपू गिरि, पुलिस अधीक्षक ग्रामीणध्यातायात सागर जैन तथा प्रशासन एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं भाषण के माध्यम से सड़क सुरक्षा संदेश दिया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों,



एनसीसी कैडेट्स एवं ट्रैफिक वार्डन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त शीपू गिरि,एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीणध्यातायात सागर जैन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान केवल नियमों के पालन का ही नहीं बल्कि जनसहभागिता और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। समापन कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीणध्यातायात सागर जैन ने बताया कि माहभर तक चले इस अभियान में सहारनपुर पुलिस ने व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया। इस दौरान 130 स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर 35,000 से अधिक विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। वहीं 25,000 से अधिक वाहन चालकों को नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। अभियान की प्रमुख उपलब्धियाँ को विस्तार से बताते हुए कहा कि 1 ,00,000 लोगों को किया गया जागरूक, 30251 वाहनों पर चालान, 3,73,00,000 का जुर्माना, 130 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, 572 एनसीसी कैडेटों का सहयोग, 526 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण, 2,853 गन्ना वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। इस अलावा अभियान में चालान एवं जुर्माना विवरण बिना हेलमेट 25,102 वाहनों से 2,51,02,000 बिना लाइसेंस 1,567 वाहनों से 8,35,000 बिना बीमा 510 वाहनों से 10,20,000 बिना पीयूसी 245 वाहनों से 5,50,000 बिना सीटबेल्ट 543 वाहनों से 6,43,000गलत दिशा में वाहन 407 वाहनों से 8,14,000तीन सवारी 640 वाहनों से 9,40,000 ओवरस्पीड 907 वाहनों से 12,08,000 मोबाइल का प्रयोग 149 वाहनों से 1,49,000 हूटर/प्रेशर हार्न 13 वाहनों से 1,30,000 जुर्माना वूसला गया।

# संकल्पों से जोड़ती है प्रधानमंत्री के मन की बात: देवेंद्र निम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायक कार्यक्रम ष्मन की बातष को ग्रामीणों के साथ बैठकर गम्भीरता से सुना।

भाजपा के क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र निम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नन्दी फिरोजपुर के बूथ संख्या 63 पर पहुंचे और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम श्श मन की बातष को रेडियो के माध्यम से गम्भीरता के साथ सुना। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि यह कार्यक्रम सीधा संवाद स्थापित करता है और हमे देश के हित में लिए जाने वाले संकल्पों से भी जोड़ता है। इस दौरान संजय चौयरमैन, बिरम सिंह,विकास प्रधान आदि सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दीवार से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

## मातम में बदली शादी की खुशियां, मृतकों के परिजनों से मिले विधायक उमर अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट के गांव में एक परिवार में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई जब चचेरे भाई की बारात में जाने से पहले कपड़े खरीदकर लौट रहे युवक की बाइक दीवार से टकरा गई, हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को बेहट सीएचसी भिजवाया, जहां मृतकों के परिजन बिना पीएम कराए शवों को अपने साथ ले गए। सीएच सी में विधायक उमर अली खान ने मृतकों के परिजनों से मिलकर सातवां दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव चांडी निवासी हुसैन पुत्र मुरसलीन की रविवार को गांव दबकौरा बारात जानी



थी, इसी दौरान उसका चचेरा भाई 22 वर्षीय शोएब पुत्र खुर्शीद कस्बा बेहट बाजार से नए कपड़े खरीदकर वापस गांव में लौट रहा था। बताया जाता है कि कलसिया के पास से थाना फतेहपुर इलाके के गांव मुजाहिदपुर निवासी करीब 16 वर्षीय अनस पुत्र इनाम भी लिफ्ट लेकर उसकी बाइक पर सवार हो गया। जैसे ही ये गांव नगला झंडा पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस 108 की मदद से दोनों को बेहट सीएचसी भिजवाया जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृतक घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन भी सीएचसी पहुंचे और पुलिस से पीएम ना कराने का आग्रह किया, जिसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा भरकर दोनों मृतकों के शवों को परिवार वालों को सौंप दिया। हादसे की खबर मिलते ही बेहट विधायक उमर अली खान भी बेहट सीएचसी पहुंचे और मृतकों के परिवार वालों को सांत्वना दी।

# दो को मनेगा विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय 2 दिसम्बर 2025 को अपना चतुर्थ स्थापना दिवस बड़े पैमाने पर मनाने जा रहा है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, मानव सेवा और प्रतिभा संवर्धन को समर्पित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




कार्यक्रम का शुभआरम्भ कुलपति प्रो. विमला वाई. द्वारा हवन व अतिविशिष्ट व विशिष्ट अतिथियों द्वारा 11 वृक्ष लगाकर किया जायेगा यह विश्वविद्यालय की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।। इसके बाद विश्वविद्यालय के आउट रीच सेल तथा एस. बी. डी. रक्त कोष सहारनपुर द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि महापौर अजय कुमार करेंगे जिसका उद्देश्य छात्रों में मानव सेवा एवं सामुदायिक कल्याण की भावना जगाना है। स्थापना दिवस में एक प्रदर्शनी का आयोजन अंबिका फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है जिसका उद्घाटन जिला अधिकारी मनीष बंसल द्वारा किया जाएगा जो कि छात्रों में नवाचार व प्रतिभा को बढावा देगी। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा जिसका मुख्य आकर्षण स्पर्श नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति रहेगी इसके साथ ही विश्वविद्यालय व संबंधित तीनों जिलों के महाविद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी व शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

# स्मैक के साथ नशा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**अंबेहटा।** थाना नकुड़ पुलिस के विशेष अभियान "ऑपरेशन सवेरा" के तहत रविवार को बड़ी कार्रवाई हुई। पुलिस ने अंबेहटा के कोटला मोहल्ला स्थित ईदगाह कब्रिस्तान के पास घेराबंदी कर एक युवक को 25 ग्राम अवैध स्मैक के साथ धर दबोचा। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इंशार (उम्र करीब 25 वर्ष) पुत्र ईशा, निवासी गांव घाटमपुर, थाना नकुड़ के रूप में हुई है। चौकी प्रभारी नीरज पवार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रणवीर शर्मा और पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 554/25 धारा 8/21 एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ठंड का प्रकोप बढ़ा

**गंगोह।** क्षेत्र में पिछले सप्ताह से जारी ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा हैग् ठंड के कारण आम दिनचर्या पर भी असर पड़ने लगा है। क्षेत्र में नगर में कोई रैन बसेरा न होने के कारण गरीब व असहाय लोग ठंड में ही जीने को मजबूर हैं।


पिछले एक सप्ताह से ठंड अपना पूरा जोर दिखा रही है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण लोग पूरी तरह गर्म कपड़े लादने को मजबूर हैं। रोजाना धूप निकल रही है। हवा कम होने पर ही इस समय गरीब लोगों को हल्की राहत मिल रही है। सुबह के अलावा शाम होने के साथ ही ठंड फिर से क्षेत्र को जकड़ रही है। ठंड के कारण स्कूली बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। अधिकतर स्कूल घनी आबादी से दूर है और वहां ठंड सीधे कमरों में प्रवेश करती है। किसी भी स्कूल ने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है।

# ट्रायल्स में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मिले दिशा निर्देशों के तहत एसडीसीए द्वारा अंडर-14 जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में सैकड़ो बच्चों ने प्रतिभाग कर दमखम दिखाया। प्रदर्शन के आधार पर चुने गए खिलाड़ियों को सूचित किया जाएगा।

रविवार को अंबाला रोड स्थित ज्ञान कलश इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर यूपीसीए के दिशा-निर्देशों के तहत सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-14 डिस्ट्रिक्ट लेवल ट्रायल का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय चयन के लिए मैदान पर करीब 108 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर दमखम दिखाया। ट्रायल के लिए यूपीसीए



द्वारा यूपी के विजय हजारे ट्रॉफी प्लेयर मुकेश कुमार को सलेक्टर बनाया गया था। सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन मोहम्मद अकरम ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा, संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, ज्वाइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, भावना तोमर, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा,राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल, ललित पंवार और मृदुल गर्ग आदि का सहयोग रहा।

# 5 ट्रैक्टर ट्राली व एक जेसीबी की सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने अवैध खनन करते हुए मौके से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा पांच ट्रैक्टर-ट्राली व एक जेसीबी मशीन को सीज कर दिया।

देर रात थाना गागलहेड़ी पुलिस थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार, उपनिरीक्षक सौरभ यादव व उपनिरीक्षक राज. कुमार तोमर के नेतृत्व में चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हसनपुर क्षेत्र में भूमाफियाओं द्वारा मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर जाकर देखा कि कुछ व्यक्ति मिट्टी का अवैध खनन कर ट्रैक्टर-ट्रालियों में भर रहे थे। पुलिस ने मौके से मिट्टी से भरी पांच



ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर छह आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया।

दबोचे गए आरोपियों में आशु पुत्र रमेश निवासी हिम्मतनगर थाना कोतवाली देहात, इन्शाद पुत्र दिलशाद, शहजाद पुत्र मेहताब, कामिल पुत्र तफज्जुल निवासीगण ग्राम शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात, गुलजार पुत्र नूर हसन निवासी स्टार पेपर मिल भट्टा कालोनी व अनजान पुत्र शमीम निवासी महीतपुर खेड़ा थाना कोतवाली सदर बाजार शामिल हैं।

# क्वान की डो सॉफ्टवेयर स्कोरबोर्ड चलाने का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश क्वान की डो स्टेट रेफरी सेमिनार के दूसरे दिन प्रतिभागियों को तकनीकी जानकारियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में जिला क्वान की डो एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेमीनार में परीक्षक भुवनेश कुमार एवं अब्दुल मलिक खान द्वारा प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियाँ प्रदान की गईं। दोनों विशेषज्ञों ने रेफरियों को क्वान की डो सॉफ्टवेयर स्कोरबोर्ड चलाने का प्रशिक्षण भी दिया, ताकि आने वाली प्रतियोगिताओं में सभी रेफरी उत्कृष्टता के साथ अपनी रेफरीशिप कर सकें।

सेमिनार में उत्तर प्रदेश क्वान की डो एसोसिएशन व क्वान की डो फेडरेशन ऑफ इण्डिया के सेक्रेटरी जनरल अमित कुमार सिंह ऑब्जर्वर



के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही मण्डल प्रभारी सुशील चौधरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष गरिमा प्रदान की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रीमती रश्मि टेरेंस, जिला संघ की सचिव ऐश्वर्या कौशिक, कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार, एडवाइजरी बोर्ड सदस्य श्रीमती अल्का कुमार, शशांक के अलावा महेंद्र तनेजा, राजकुमार राजू, अभिनव गोयल, हेमंत अरोडा, सुहेल राणा, संजना दलक, अरुण मिश्रा, हेमंत, परुल, ज्योति चौहान, अफ्रीदा, देव, विनायक, अमन, कशिश, श्रेयांश उन्नत आदि मौजूद रहे।

# खेत में अपशिष्ट जलाने पर लगाया किसान पर जुर्माना

**सहारनपुर।** उपजिलाधिकारी सदर ने भ्रमण के दौरान एक किसान को खेत में फसल अपशिष्ट जलाते हुए पकड़ लिया जिस पर 5 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार ने भ्रमण के दौरान तहसील सदर के ग्राम पुंडेन में एक किसान लियाकत पुत्र भूरा को खेत में फसल अपशिष्ट जलाते हुए पकड़ लिया। फसल अपशिष्ट जलाए जाने के कारण प्रदूषण फैल रहा था जो जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक है। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में फसल अपशिष्ट जलाए जाने के कारण किसान पर नियमानुसार पांच हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। एसडीएम सुबोध कुमार ने अवगत कराया कि फसल अपशिष्ट जलाए जाने के विरूद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# टयूबवैल का सामान चोरी करने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने खेत के ट्यूबवैल से सामान चोरी करने वाले एक आरा. ेपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का बिजली का सामान, लोहे के पाईप व एक हथौड़ा बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार वादी अवधेश राणा पुत्र शिवपाल सिंह निवासी ग्राम सलेमपुर भूखड़ी थाना कोतवाली देहात में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर ने गांव के बाहर उसके खेत में लगे ट्यूबवैल से मोटर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबेसिंह व उपनिरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर ट्यूबवैल से सामान चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर आर्यन उर्फ कन्हैया उर्फ घोघड़ पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम सलेमपुर थाना देहात कोतवाली को ग्राम मढ़ रोड से रजवाहे की पटरी से 100 कदम की दूरी से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ट्यूबवैल से चोरी किया गया केबल, लोहे के पाईप व एक हथौड़ा बरामद कर लिया।

पुलिस के अनुसार दबोचा गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ देहात कोतवाली पुलिस में चार मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का धारा-303 (2) व धारा-317(2) बीएनएस में चालान कर जेल भेज दिया।

# डिप्टी सीएम मौर्य करेंगे प्रतिमा का अनावरण

**गंगोह।** 14 दिसंबर को पूर्व सांसद स्व. बाबू मुल्की राज सैनी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आएंगे। जिसके लिए रविवार को गंगोह में जनसम्पर्क किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सहारनपुर अधिवक्ता एशोसिएशन के अध्यक्ष एड. अभय सिंह सैनी ने बताया कि 14 दिसंबर को एम आर एस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगोह मार्ग सहारनपुर में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आएंगे। जिसके लिए रविवार को गंगोह के कई गांव में जनसम्पर्क किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, राज्य सभा डा. कल्पना सैनी होगी। जनसम्पर्क में विनीत सैनी, प्रदीप सैनी, एड. इलमचंद सैनी, पूर्व प्रधान सत्यपाल सैनी, राजकुमार सैनी आदि रहे।

# महायज्ञ के छठे दिन भगवान विष्णु के सहस्त्र नाम का विशेष पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर में जारी श्री दिव्य विष्णु महायज्ञ के छठें दिन रविवार को भगवान विष्णु के सहस्त्र नाम का विशेष पुजन किया गया। इसके अलावा माता महालक्ष्मी का 1008 कमल गटों, कमलपुष्प से पुजन अर्चन किया गया। माता की आरती उतारी गई।

सोमवार को पुर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। शुरुआत गणेशादि पुजन, वास्तुदेव, भैरवदेव, क्षेत्रपाल, नवग्रह, पुजन आदि से हुई। इसके बाद पूजन का लम्बा सिलसिला चला, पूजन उपरान्त भगवान नारायण का यज्ञ किया गया। जिसमें बडी संख्या में यजमानों ने आहूति दी। यज्ञाचार्य आचार्य सुनील



दीक्षित व यज्ञ संचालक योगेश दीक्षित की देखरेख में कई प्रांतों से पधारे 80 विद्धान पंडित व वेदपाठी यज्ञ में भाग ले रहे है। हरिद्वार से पधारे पुजारियों द्वारा प्रस्तुत गंगा मैया की आरती बेहद आकर्षक है। परिक्रमा और आरती में शामिल होने को प्रतिदिन सैकडों श्रद्धालु पधार रहे है। जिससे नगर का माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा है।

# वोट का सत्यापन हमारी राष्ट्रीय जिम्मेंदारी:कुलदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिटी मैजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने कहा कि एसआईआर के माध्यम से वोट का सत्यापन कराना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।

सिटी मैजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह आज रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल महानगर इकाई द्वारा आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक गणना प्रपत्र 4 दिसम्बर से पहले भरकर अपने-अपने बीएलओ को अनिवार्य रूप से जमा करा दें ताकि उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। यह कार्य 4 दिसम्बर से पहले ही हर हाल में जमा कर दे अन्यथा फिर हमें फार्म जमा करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा और उनका नाम मतदाता सूची से हट सकता है। उन्होंने कहा




कि यदि किसी मतदाता का गणना प्रपत्र नहीं आया है या 2025 की सूची में उसका नाम नहीं है तो वह फार्म 6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई मतदाता दूसरी जगह रह रहा है और अपना वोट शिफ्ट करवाना चाहता है तो वह फार्म 8 भर कर शिफ्ट करवा सकता है। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष विवेक मनोचा व वरिष्ठ महामंत्री स. सुरेन्द्र मोहन सिहं चावला ने कहा कि व्यापार मंडल सदा व्यापारिक समस्याओं के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों को भी निभाता रहा है। इसी सन्दर्भ में यह बैठक बुलाई गई है। दोनों पदाधिकारियों ने व्यापारियो से अपील की कि वे अपने-अपने वोट का सत्यापन करा लें व बाजारों में बैठक कर जागरूकता फैलाये और राष्ट्रीय हित में अपना योगदान दें। बैठक में व्यापार मण्डल के संरक्षक यशपाल गैनी, प्रान्तीय संगठन मंत्री अशोक छाबडा, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, प्रदेश संरक्षक कृष्णलाल ठक्कर, राम राजीव सिंघल, संजय भसीन, राजेन्द्र गुप्ता, गौतम शंकर सिंघल, गुलशन अनेजा, नशोक नां. रंग, फरजानउलहक, वी के भारती, संजय जुनेजा, सचिन खुराना, नीरज गुप्ता, मोती अली, विशाल, इकबाल सैन, नवीन सिघंल, स० देवेन्द्र सिहं, मनोज तनेजा, अनिल चोपडा, यशपाल डाबरा, महेश पाहवा, आशीष गर्ग, सुशील र्ग, पीयूष बंसल, मन्नू गर्ग, अन्तिक्ष अरोडा, नरेश कुमार, रवि क्वात्रा, राहुल सिडाना, रिषी कपूर, रवि जसूजा, अर्पित डडा, रमन चोजर, मौ. शादाब, गौरव सिंघल, आदि उपस्थित रहे।

# सिर्फ औपचारिकता

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार (आज) से शुरू हो रहा है। जैसाकि एक परंपरा बन गई है, कोई भी सत्र शुरू होने से पूर्व सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाती है। इसके पीछे उसका मकसद होता है कि जो भी विपक्ष के साथ उसके मतभेद हैं, उनको बैठकर पहले ही हल कर लिया जाए, जिससे संसद की कार्यवाई सुचारू रूप से चल सके। रविवार को भी सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। जैसाकि होता है संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजि. जू ने बैठक के बाद कहा भी कि सभी दलों के साथ बैठक अच्छी रही, उपयोगी रही और सबसे बड़ी बात सौहार्दपूर्ण रही, जिसमें विपक्ष के सभी नेताओं ने अपनी बात रखी। इसके लिए रिजिजू ने सभी का आभार भी व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक को एक औपचारिकता बताया और उसके नेता जयराम रमेश ने कह भी दिया कि सरकार को अपनी आदत के अनुसार मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। जाहिर है शीतकालीन सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब पूरे देश में एसआईआर का मुद्दा गर्माया हुआ है। विपक्ष पहले से ही इस पर सरकार को घेरता रहा है और अभी भी घेरने का इरादा जता रहा है। कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा, दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और उनकी नजर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एक गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। अब देखना होगा कि जब सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, उसका नजारा कैसा होगा। जहां तक बात सर्वदलीय बैठक की है यह तो हर बैठक में होता है। सत्ता पक्ष व विपक्ष संसद को चलने देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किस तरह का वातावरण रहता है इससे हम अच्छी तरह वाकिफ हैं, तमाम समय नारेबाजी और शोर शराबे में ही बीत जाता है। अब की बार यूं भी यह सत्र बेहद छोटे होने जा रहा है। सरकार ने केवल 19 दिनों के लिए ही इसे बुलाया है और इसमें सिर्फ 15 दिन चर्चा होनी है। शायद यह सबसे छोटा सत्र होगा। इतना छोटा सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता होगी, जबकि देश के सामने इस समय कई बड़े और गंभीर मुद्दे मौजूद हैं और उन पर बेबाकी से देश चर्चा होते देखना चाहता है, लेकिन जिस तरह का अब तक का अनुभव रहा है, उससे कोई बहुत ज्यादा उम्मीद जगती दिखाई नहीं देती। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जिस तरह तनाव की खाई बढ़ती जा रही है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अवसरवादिता पूरी तरह हावी हो चली है। विचारों की लड़ाई कहीं पीछे रह गई है। इसकी जगह आपसी रंजिश ने ले ली है।

## सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति



शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता रही, सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं, कल से शरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति है, यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा, मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, इनमें से एक अध्यादेश का स्थान लेता है और दो लोकसभा की एक समिति के पास है, जो विधेयक पेश किए जाने हैं, उनमें दस विधेयकों की संबंधित स्थायी समिति द्वारा जांच नहीं की गई है।

**–जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

# सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी



योगेश कुमार गोयल




न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी ग्रिड नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिए होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिए 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिए बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशत: लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच।आई।वी। परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपक. ाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है। एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# डांसिंग भालू: शोषण से संरक्षण तक की यात्रा

**भारतीय संदर्भ में यह उपलब्धि दिखाती है कि जब नागरिक समाज, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी और मानवीय शोषण जैसी जटिल समस्याओं के भी स्थाई समाधान संभव हैं। फॉरेस्ट वॉच जैसी एंटी पोचिंग इकाइयां यह स्पष्ट करती हैं कि केवल भालू नचाने की प्रथा खत्म कर देना काफी नहीं, अवैध शिकार की अर्थव्यवस्था पर लगातार निगरानी और कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है। डांसिंग भालू प्रथा का अंत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, पर इसे सफलता की अंतिम रेखा नहीं, बल्कि एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए जिसे अन्य वन्यजीवों और समुदायों पर भी लागू किया जा सकता है।**



विनीत नारायण

स्लॉथ भालुओं का लंबे समय तक चला डांसिंग भालू शोषण मॉडल आज लगभग समाप्त हो चुका है और इसके केंद्र में एक संगठित, मानवीय व वैज्ञानिक दृष्टि से समर्थ संरक्षण आंदोलन खड़ा है। यह बदलाव केवल एक प्रजाति को बचाने की कहानी नहीं, बल्कि कानून, करुणा और समुदाय-आधारित पुनर्वास के अनोखे संतुलन का उदाहरण भी है। सदियों तक स्लॉथ भालुओं को सड़कों पर नचाने, करतब दिखाने और मनोरंजन का साधन बनाने की परंपरा जारी रही, जिसे कलंदर समुदाय की रोजी-रोटी का आधार माना गया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत यह प्रथा दंडनीय अपराध है, फिर भी सामाजिक आर्थिक निर्भरता और ढीले अमल के कारण यह व्यापार दशकों बाद तक जारी रहा। ऐसे माहौल में वाइल्डलाइफ एसओएस जैसी संस्था का हस्तक्षेप केवल रेस्क्यू ऑपरेशन भर नहीं था, बल्कि इसने राज्य, कानून और हाशिए पर खड़े समुदाय के बीच एक संवाद की नई भाषा गढ़ी। आगरा, बैंगलुरु, भोपाल और पुरुलिया में भालू संरक्षण केंद्रों की स्थापना ने दिखाया कि पशुध्कल्याण तभी टिकाऊ है जब उसके साथ मानवीय पुनर्वास की समांतर संरचना खड़ी की जाए। डांसिंग भालू प्रथा को समाप्त करने की सबसे बड़ी नैतिक चुनौती यह थी कि कलंदर समुदाय की आजीविका उसी शोषण पर टिकी थी, जिसे कानून रोकना चाहता था।

केवल दमनकारी कार्रवाई से भालू तो शायद छिटपुट रूप से बचाए जा सकते थे, पर समुदाय और कानून दोनों के बीच अविश्वास और बढ़ता। यहां वाइल्डलाइफ एसओएस का मॉडल उल्लेखनीय है, जिसने कलंदरों के लिए वैकल्पिक रोजगार, कौशलध्विकास, सीड फंडिंग और विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया। लगभग 5,000 से अधिक कलंदर परिवारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर वन्यजीव शोषण से अलग आजीविका की ओर मोड़ना सामाजिक न्याय और संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का उदाहरण है। डांसिंग भालू व्यापार के खात्मे के साथ-साथ सवाल यह भी था कि बचाए गए सैकड़ों भालुओं की जीवनभर देखभाल कैसे हो। इन भालुओं पर वर्षों के शारीरिक-मानसिक अत्याचार, दांत तोड़ने से लेकर नाक में छेद कर रस्सी डालने जैसी क्रूर प्रथाओं के गहरे घाव रहे हैं, जिनसे वे जंगली जीवन में लौट ही नहीं सकते। आगरा भालू संरक्षण केंद्र सहित देश भर के रेस्क्यू फैसिलिटीज में 90 दिन का क्वारंटाइन, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, दंत उपचार, सर्जरी, थर्मल इमेजिंग, डिजिटल एक्सध्रे और वृद्ध भालुओं के लिए विशेष जेरियाट्रिक केयर जैसे प्रावधान दिखाते हैं कि आधुनिक पशुध्चिकित्सा और एथोलॉजी को गंभीरता से अपनाया गया है। बड़े प्राकृतिक बाड़ों में भोजन खोजने, पेड़ों पर चढ़ने, मिट्टी खोदने और सामाजिक संपर्क जैसे व्यवहारों को प्रोत्साहित करना कैद नहीं, बल्कि पुनर्वास की वैज्ञानिक परिकल्पना को सामने लाता है। भारत में अंतिम डांसिंग भालू अदित का 2009 में बचाया जाना इस कुप्रथा के औपचारिक अंत का प्रतीक है, लेकिन इससे जुड़े नैतिक और नीतिगत प्रश्न यहीं समाप्त नहीं होते। क्या वन्यजीव संरक्षण केवल कानून की भाषा में सीमित रह सकता है, या उसे सामाजिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा की नीतियों के साथ जोड़कर देखना अनिवार्य है? कलंदर समुदाय में बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए सिलाईध्शिल्प केंद्र और बच्चों के लिए ट्यूशन सेंटरों से जुड़े प्रयास दिखाते हैं कि जब संरक्षण नीति समुदाय केंद्रित होती है, तब वह समानांतर रूप से मानवाधिकार, शिक्षा और लैंगिक न्याय के एजेंडा को भी आगे बढ़ा सकती है। 17,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा सहायता और 4,000 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाना वन्यजीव नीति को सिर्फ जानवरों की नीति मानने की संकीर्ण दृष्टि को चुनौती देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह है देश में चल रही स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन की सच्चाई



तनवीर जाफरी

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्राय: शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूंकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिए शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन यानी 04652, इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5:30 बजे था अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5:30 बजे दरभंगा पहुंचने के बजाए तीसरे दिन सुबह लगभग 8:30 बजे पहुंची। यानी यह स्पेशल ट्रेन 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहां दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रूपए है वहीं इस तथाकथित स्पेशल ट्रेन के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 रुपये वसूल किए गए।

इसी तरह वापसी के लिए भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रात: 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुंचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1:30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुंच सकी। इसका भी एसी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपये था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से श्स्पेशल ट्रेनश के नाम पर ठगे गए फालतू किराए भर से ही मतलब है।

इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानक. ारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्यौहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था, परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिए रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूंकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रूपी ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिए इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हां यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गई अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुंचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।



सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रूपये लेकर वोट डालने वाली महिलाएं तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाए हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुए हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री, रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने, जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणाएं बार बार की जाती हैं परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है, बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुंच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या लाभार्थी मतदाताओं से तो आखिर कम ही है? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही श्स्पेशल रेल गाड़ियों के संच. ालन की सच्चाई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो आतंकवादी मारे गए

**सना।** यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमरीकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए। एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी ज़िले के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए। यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहां अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं।

### वेनेजुएला ने अमेरिकी धमकी की निंदा की

**काराकास।** वेनेजुएला ने शनिवार को अमेरिका के उसके हवाईक्षेत्र को बंद करने की धमकी को देश के लोगों के खिलाफ एक और फालतू, गैर-कानूनी और गलत हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। एक आधिकारिक बयान में काराकस ने वेनेजुएला पर अलौकिक क्षेत्राधिकार लागू करने की अमेरिका की कोशिश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे उसके देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को पहले कहा था कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास के हवाईक्षेत्र को 'पूरी तरह से' बंद माना जाना चाहिए।

### मध्य मेक्सिको में गोलीबारी में छह की मौत, 10 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन प्रसारक 'फॉर्मूला' ने यह जानकारी दी है। प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई।

### इराक में गोलीबारी में एक सैनिक की मौत

**बगदाद।** दक्षिणी इराक के मायसन प्रांत में शनिवार को हुई गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि यह घटना अल-कहला इलाके में सुरक्षा बनाए रखने और वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई एक जांच चौकी पर आकस्मिक जांच के दौरान हुई। मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक जांच चौकी पर रुका नहीं और उसने अचानक अपना रास्ता बदल लिया। जब सुरक्षा बलों ने गाड़ी का पीछा किया तो संदिग्धों ने सैनिकों पर गोलियां चला दीं।

# भारत-रूस में सैन्य रिश्ते होंगे और मजबूत

## राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस मंजूर करेगा एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौता

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा से पहले रूसी संसद का निचला सदन भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते पर मुहर लगाने वाला है।

पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए 18 फरवरी, 2025 को रेसिप्रोकल एक्सचेंज आफ लाजिस्टिक एग्रीमेंट यानी रसद पारस्परिक आदान-प्रदान समझौता हुआ था। भारत की तरफ से इस पर मास्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार व रूस की ओर से तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के निचले सदन स्टेट डयूमा ने रूसी सरकार के नोट के साथ आरईएलओएस को अपने अनुमोदन वाले डाटाबेस में अपलोड किया है। साथ ही कहा है कि रूसी सरकार का मानना है कि दस्तावेज के अनुमोदन से सैन्य क्षेत्र में रूस और भारत के बीच सहयोग मजबूत होगा। इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य कार्यों के लिए समन्वय को सुव्यवस्थित करना है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जिसमें राजनीति से लेकर विज्ञान और मानवीय सहयोग तक शामिल हैं। पुतिन और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दे भी प्रमुखता से शामिल होंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य पारित किए जाने और विभिन्न अंतर्विभागीय एवं व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में भारत का प्रयास रूस में निर्यात के लिए नया अवसर तलाशने पर होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में भारत का रूस से आयात बहुत ज्यादा है, हालांकि इसकी तुलना में निर्यात आयात के महज दस फीसदी ही है। भारत इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए रूस में निर्यात के लिए नए क्षेत्रों का चयन कर अपने सामानों की आपूर्ति की संभावना तलाशेगा।



■ पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाता तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

## अप्रवासियों को पकड़वाओ, अनलिमिटेड फ्री-बीयर पाओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो राज्य के एक फेमस बार 'ओल्ड स्टेट सैलून' ने एक चौंकाने वाला आफर दिया है। बार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर कोई भी व्यक्ति अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) की मदद करके इडाहो में मौजूद किसी अवैध अप्रवासी (इमिग्रेंट) की पहचान करवाए और उसे अमेरिका से डिपोर्ट करवाने में सफल रहे, तो उसे पूरे एक महीने तक बार में अनलिमिटेड फ्री बीयर मिलेगी। कई यूजर्स ने इसे गेम जैसा बताया। वहीं, कुछ ने विनर घोषित करने और लीडर बोर्ड बनाने की सलाह दी। कुछ यूजर्स ने तो जिंदगीभर फ्री बीयर देने की मांग तक कर दी।

# नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील

## भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, इजरायल के प्रधानमंत्री, नेतन्याहू पर केस को राजनीतिक साजिश बता चुके ट्रम्प

**येरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इजरायल की राजनी. ति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है।

वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवे. दन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है। बेंजमिन नेतन्याहू इजरायल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुक. दमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इजरायल के नागरिकों। मेरे खिलाफ जांच शुरू हुए लगभग दस साल हो गए हैं। इन मामलों में ट्रायल लगभग छह साल से चल रहा है और उम्मीद है कि यह कई और वर्षों तक चलेगा। जैसे-जैसे कोर्ट में मेरे खिलाफ झूठी दलीलों को पूरी तरह से गलत साबित करने वाले बयान और सबूत सामने आ रहे हैं, और जैसे-जैसे यह साफ हो रहा है कि मेरे खिलाफ सबूतों का ढांचा गंभीर अपराध करते हुए बनाया गया था, मेरा निजी हित रहा है और रहेगा कि इस प्रोसेस को आखिर तक जारी रखा जाए जब तक कि मैं सभी आरोपों से पूरी तरह बरी न हो जाऊं। लेकिन सुरक्षा और राजनीतिक हकीकत, देश के हित, कुछ और ही चाहते हैं। इजरायल देश बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और उनके साथ-साथ खतरों को दूर करने के बहुत सारे मौके भी हैं।

इन मौकों को पाने के लिए देश की एकता जरूरी है। ट्रायल का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ रहा है। फूट डालने की यह कोशिश फूट को और बढ़ाती है। मुझे यकीन है, देश के कई और लोगों की तरह, कि ट्रायल का तुरंत खत्म होना आग को कम करने और उस बड़े मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में बहुत मदद करेगा जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। मैंने इस मामले पर लंबे समय से बहस की है, लेकिन हाल ही में जो हुआ है, उसने केस की सुनवाई कर रहे जजों के पैनल के फैसले की वजह से तराजू को झुका दिया है। मुझे हफ्ते में तीन बार गवाही देनी है। यह एक नामुमकिन मांग है जो इजरायल में किसी दूसरे नागरिक से नहीं की जाती। मैंने राष्ट्रपति ट्रम्प की हमारे राष्ट्रपति से बार-बार की गई अपील भी देखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रायल को तुरंत खत्म करने की मांग की है ताकि मैं, उनके साथ मिलकर, इजरायल और अमेरिका के जरूरी हितों को ऐसे समय में और जोरदार तरीके से बढ़ावा दे सकूं जिसके वापस आने की उम्मीद कम है। इजरायल के प्यारे नागरिकों, बार-बार डेमोक्रेटिक चुनावों में मुझे चुना गया है और इजरायल के प्राइम मिनिस्टर के तौर पर सेवा करते रहने के लिए आपका भरोसा मिला है। सबसे पहले और सबसे जरूरी इन ऐतिहा. सिक लक्ष्यों को पूरा करना है। इन्हीं वजहों से, वकीलों ने आज राष्ट्रपति से दया की याचना की है। मुझे उम्मीद है कि देश के भले के लिए सोचने वाला हर कोई इस कदम का समर्थन करेगा। बेंजमिन नेतन्याहू का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में उनके खिलाफ चल रही सुनवाई समाज को राजनीतिक रूप से दो हिस्सों में बांट चुकी है। इसके अलावा, कुछ हफ्ते पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजरायल सरकार को नेतन्याहू को माफी देने की सलाह दी थी।



■ नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है
■ बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ धोखाधड़ी भरोसे का उल्लंघन रिश्वत लेना शामिल हैं

### नेतन्याहू खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**येरुशलम।** नेतन्याहू के खिलाफ यह मुकदमा मई 2020 में शुरू हुआ था। उन पर इजरायल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है।

**1 केस 1000 (गिफ्ट केस):**

नेतन्याहू पर हालीवुड प्रोडयूसर अर्नोन मिलचन और आस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप हैं। इनमें 2 लाख डॉलर की कीमत के सिगार, शैम्पेन, ज्वेलरी आदि शामिल हैं। आरोप है कि इसके बदले नेतन्याहू ने उन्हें राजनीतिक लाभ दिया।

**2 केस 1000 (मीडिया डील केस):**

नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने येडियोट अहरोनोत अखबार के पब्लिशर से अपने लिए पाजिटिव कवरेज की डील की। इसके बदले उन्होंने प्रतिद्वंदी अखबार इजरायल हायोम को कमजोर करने वाला कानून पास करने की शर्त मंजूर की।

**3 केस 1000 (बीजेक टेलिकॉम केस):**

इस केस में नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने बीजेक नाम की टेलिकाम कंपनी को लाभ पहुंचाया और इसके बदले मालिक शाउल एलोविच के न्यूज पोर्टल वल्ला पर अपने पक्ष में खबरें छपवाईं। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है। फिलहाल इस मामले में कम से कम 2026 तक फैसला आने की उम्मीद नहीं है।

### अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में भी नेतन्याहू पर मुकदमा दर्ज

**येरुशलम।** घरेलू मुकदमों के अलावा हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू पर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आरोप है कि उन्होंने गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाया और भूख को एक रणनीति की तरह इस्तेमाल किया। हालांकि ये केस भ्रष्टाचार मामलों से अलग है, लेकिन इससे नेतन्याहू की छवि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ा है।

### रूस के ऑयल टैंकर 'विराट' और 'कैरोस' पर ड्रोन अटैक

**कीव/मास्का।** रूस के दो आयल शिप (टैंकरों) पर शनिवार को ब्लैक सी में पानी के अंदर चलने वाले ड्रोन (सी बेबी) ने अटैक किया। यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। दोनों शिप रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा माने जाते हैं। यह प्रतिबंधों से बचने के लिए अलग-अलग देशों के झंडे लगाकर रूसी तेल ढोते थे। पहले शिप 'विराट' पर शुक्रवार को धमाका हुआ था। शनिवार को उस पर फिर से हमला हुआ। तुर्की ने बताया कि जहाज को हल्का नुकसान हुआ है, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। जहाज तुर्की तट से लगभग 30 मील दूर था। दूसरे शिप का नाम 'कैरोस' है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी।

इसमें मौजूद 25 लोग सुरक्षित निकाल लिए गए। दोनों जहाज गाम्बिया के झंडे लगाए हुए थे, लेकिन यह रूसी आयल ले जा रहे थे। हमले के समय विराट के चालक दल ने ओपन फ्रीक्वेंसी रेडियो पर मेडे काल किया था, जिसमें वे बार-बार बोल रहा था कि यह विराट है। मदद चाहिए! ड्रोन हमला! मेडे, मेडे, मेडे! यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी के मुता. बिक, यह आपरेशन एसबीयू और नौसेना ने मिलकर किया और दोनों जहाजों को इतना नुकसान हुआ है कि वे अब इस्तेमाल लायक नहीं बचे।

# हांगकांग अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

## अभी भी 150 लोग लापता, पांचवें दिन भी तलाशी, भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया

**हांगकांग।** हांगकांग में बुधवार को लगी भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी इस आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। वहीं, अब भी 150 लोगों का कोई पता नहीं है और बचाव दल लगातार तलाश में जुटा हुआ है। यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है।

हांगकांग सरकार के सुरक्षा मंत्री क्रिस टैंग के मुताबिक, आग की शुरुआत इमारत के निचले हिस्से में लगी प्लास्टिक और फोम बोर्ड वाली जालीदार परत से हुई। हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते सातों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज तापमान ने बांस से बनी निर्माण सामग्री और स्कैफोल्डिंग को भी जला दिया, जिससे जलते हुए बांस के टुकड़े गिरकर आसपास की इमारतों में आग फैलाते गए। घटना के बाद बचे हुए लोगों ने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार कई मंजिलों पर फायर अलार्म नहीं बजे, बाहर निकलने के रास्ते भी बंद थे, इमारतों में पुरानी और खराब आग सुरक्षा व्यवस्था थी। इन इमारतों में कुल 1984 फ्लैट और लगभग 4600 निवासी थे, इसलिए नुकसान काफी बड़ा है। इस हादसे में आग के तेजी से बढ़ने की वजहों की जांच चल रही है। अब तक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें एक महिला भी शामिल है, जो इमारतों के नवीनीकरण कार्य से जुड़ी थी। वहीं आरोप है कि निर्माण में नियमों के खिलाफ सस्ती और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

इस घटना के बाद पूरे चीन में चिंता बढ़ गई है। इसी वजह से चीन सरकार ने ऊंची इमारतों, अस्पतालों, आफिसों, माल और सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि निकासी रास्तों, पुरानी वायरिंग और ज्वलनशील निर्माण सामग्री की तुरंत जांच की जाए और खामियों को ठीक किया जाए। इस अग्निकांड में अब तक कुल 146 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 150 लोग लापता बताएं जा रहे हैं। इस हादसे में कुल सात इमारतें प्रभावित हुई हैं, जिनमें करीब 1984 फ्लैट थे।



■ यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है

### बांझपन पर डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किए

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निंदान और उपचार के लिए अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है। अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है।

## कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के स्टाकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हाल में अचानक गोलीबा. री हो गई। इस हाल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोलीबारी की वजह और हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि पहले हमें लगा कि बर्थडे पार्टी में पटाखे फूट रहे हैं। फिर पता चला कि गोलियां चल रही थीं। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा कि आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उप-मेयर जेसन ली ने कहा कि जन्मदिन की पार्टी कभी भी ऐसी जगह नहीं होनी चाहिए जहां परिवारों को अपनी जान का डर हो। यह डरावना है। एक नेता के रूप में अपने लोगों को इससे गुजरते देखना मुझे अंदर तक झकझोर देता है।

■ चार लोगों की मौत, 10 घायल, लोग बोले: हमें लगा कि जश्न में पटाखे फूट रहे हैं

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

## झगड़े के बाद हमले का शक, विजय सरकारी नौकरी छोड़ पढ़ने गए थे

**लंदन।** ब्रिटेन में 30 साल के भारतीय छात्र विजय कुमार की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला था। परिवार ने भारत सरकार से तुरंत मदद, निष्पक्ष जांच और शव को जल्द से जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। यह दर्दनाक घटना 15 नवम्बर की रात वार्सेस्टर शहर के बारबार्न रोड पर हुई।

विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या से पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उन पर चाकू से कई वार किए गए। हालांकि, अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका है और ब्रिटिश पुलिस ने इस घटना के बारे में कोई डिटेल जारी नहीं की है। चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी शेयर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। परिवार का कहना है कि विजय बहुत होनह. ार और मेहनती छात्र था। विदेश में पढ़ाई का सपना पूरा करने गया उनका बेटा अब हमेशा के लिए खामोश हो गया। विजय ने 2025 की शुरुआत में सेंट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एंड कस्टम्स की नौकरी से इस्तीफा दिया और ब्रिटेन में हायर एजुक. ेशन के लिए आवेदन किया था। वे ब्रिस्टल स्थित यूनिवर्सिटी आफ द वेस्ट आफ इंग्लैंड (यूडब्लयूई) में पढ़ाई कर रहे थे। वह कोच्चि में अपनी आखिरी पोस्टिंग पर तैनात थे, जब उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ी थी। हरियाणा में विजय का परिवार आशंका जता रहा है कि इस अपराध में हरियाणा या पंजाब का कोई व्यक्ति शामिल हो सकता है।



■ विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था
■ अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका

## पाक सरकार गाजा में भेजेगी सैनिक

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फलस्तीनी प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय कानून का विषय है।

डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। आईएसएफ का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है। डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फलस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा। डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4000 सैनिकों की मौत और 20000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को सुरक्षा और आतंकवाद के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के लड़ाकों को सीमा इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए। डार ने दावा किया कि हाल में तालिबान सरकार ने उन्हें जानकारी दी कि सैकड़ों टीटीपी उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया है।

■ उप पीएम डार बोले: हमास से समर्पण करवाना हमारा काम नहीं पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से सरेंडर करवाना नहीं है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108